हमर तिरंगा
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 6 अगस्त 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-113 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

महंगाई, बेरोजगारी और ईडी के दुरुपयोग को लेकर कांग्रेस सड़क पर

प्रियंका ने विरोध का नेतृत्व किया, पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को यानी आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ बीजेपी पर जमकर हमला बोला। वहीं, उनका पार्टी आज महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफदेशव्यापी आंदोलन कर रही है। इस दौरान राहुल-प्रियंका सहित कई सांसद काले रंग के कपड़े में नजर आए। आपको बता दें कि उन्होंने कल ही केंद्र सरकार के खिलाफ तेवर दिखाते हुए कहा था कि मैं किसे से नहीं डरता हूं, जो करना है कर लें।

चंडीगढ़ में पुलिस से भिड़े कांग्रेस नेता, करनी पड़ी पानी की बौछार: भारत के कई राज्य में कांग्रेस पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी है। खबर है कि चंडीगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस आपस में भिड़ गए। इस दौरान पानी की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार पर प्रियंका का वार

कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन जारी है। हिरासत में ली गई पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री कह रहे हैं कि महंगाई नहीं दिख रही। उन्होंने कहा कि वह समझौता करने नहीं बैठी हैं।

चर्चा से बचने का आरोप

कांग्रेस नेता सचिन पायटल ने कहा कि जिस तरीके से सरकार काम कर रही है, सैकड़ों बार हमारे सांसदों को हिरासत में लिया जा रहा है, अपनी बात रखने से रोका जा रहा है ये अलोकतांत्रिक है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर चर्चा नहीं करना चाहती है।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में मंहगाई और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) बढ़ोतरी को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफजमकर विरोध प्रदर्शन किया, जिन्हें पुलिस ने बाद में हिरासत में ले लिया। कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। संसद भवन में एक मार्च भी निकाला गया जहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। कांग्रेस के कई कार्यकर्ता सुबह से ही पार्टी कार्यालय में जमा हो गए और महंगाई, जीएसटी को लेकर सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। श्रीमती वाड्रा ने पार्टी नेता हरीश रावत और अन्य लोगों के साथ रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर लोगों में बड़ी निराशा को लेकर एक गाड़ी में गैस सिलेंडर रखकर उसे धक्का देकर कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकाला।

महंगाई को लेकर सीएम भूपेश का केंद्र पर तंज, कहा –

ऐसा सिस्टम बनाया कि जेब का पैसा केंद्र सरकार के पास जा रहा

■ राजभवन का किया घेराव, राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस ने शुक्रवार को पूरे देश में विरोध जताया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन करते हुए राजभवन का घेराव का किया। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों, रिकार्ड तोड़ महंगाई और बेरोजगारी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अग्निपथ योजना पर कसा तंज

सीएम भूपेश बघेल ने अग्निपथ स्कीम का जिक्र करते हुए कहा कि नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं मिल रही है। केंद्र की अग्निपथ स्कीम से युवा 4 साल मे सेना से रिटायर हो जायेंगे। इस योजना से युवाओ की 17 साल की उम्र में भर्ती होगी ,तो 21 साल में रिटायर हो जाने से, 22 साल की उम्र में भूतपूर्व सैनिक का टैग लग जाएगा। सीएम भूपेश ने कहा कि भूतपूर्व लोग नाती पोते की शादी करवाते हैं। मोदी ने व्यवस्था ऐसी कर दी है कि भूतपूर्व होने के बाद युवाओं की शादी होगी और शादी के कार्ड में दूल्हे के नाम के साथ भूतपूर्व सैनिक लिखा होगा।

सरकार पर बरसे सचिन पायलट, कहा- यह अलोकतांत्रिक है

कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी कांग्रेस के इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा, ''जिस तरीके से सरकार काम कर रही है, सैकड़ों बार हमारे सांसदों को हिरासत में लिया जा रहा है, अपनी बात रखने से रोका जा रहा है ये अलोकतांत्रिक है। सरकार मंहगाई और बेरोजगारी पर चर्चा नहीं करना चाहती है।''

मुझे मजा आता है... ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई पर बोले राहुल गांधी; बीजेपी को बताया हिटलर

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज देशव्यापी आंदोलन से पहले पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को हिटलर करार दिया। साथ ही उन्होंने नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की कार्रवाई पर भी अपना पक्ष रखा। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी को विपक्ष की आवाज से डर लगता है। सरकार देश से लोकतंत्र को खत्म करने में जुटी है।

दिल्ली पुलिस ने बताया- राहुल गांधी को क्यों हिरासत में लिया?

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने पर दिल्ली पुलिस की डीसीपी अमृता गुगुलोथ ने कहा, ''हमने उनको हिरासत में लिया है क्योंकि यहां धारा 144 लागू है और धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। हमने उनको सूचित भी किया था लेकिन वे नहीं माने इसलिए हमने उनको हिरासत में लिया है।''

//-- सुविचार --//

कमजोर व्यक्ति तब रूक जाते हैं जब वो थक जाते हैं और आगे नहीं चल पाते, लेकिन एक विजेता तभी रूकता है जब वो विजय हो जाता है।

आज बेबाक

भारत की आन बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को लेकर सियासत समझ से परे है। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक बनाने के लिए यदि घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है तो इस पर आपत्ति उठाना, इस आयोजन पर सवालिया निशान लगाना और बेतूका बयान देना घृणत मानसिकता को ही दर्शाता है। जिन्हे अपने देश से प्यार है और तिरंगे पर गर्व है वे अपने घरों में तिरंगा फहराएंगे। जो न फहराना चाहे मत फहराए। कोई जबरदस्ती तो नहीं है लेकिन इस आयोजन की गरीमा को ठेंस पहुंचाने की कुतसित कोशिश न हो।

सूर्योदय

उदय : 6:03 प्रात:

अस्त : 7:06 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,965,422,260

भारत: 1,408,949,534

बाजार

सेंसेक्स : 58387.93

निफ्टी: 17397.50

गोल्ड : 52,140 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 63,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.61 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	39.2	27.6
बिलासपुर	43.4	30.4
जगदलपुर	38.0	24.1
अंबिकापुर	38.6	26.3

आज का दिवस

हिरोशिमा दिवस: हर साल 6 अगस्त को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम की सालगिरह का प्रतीक माना जाता है। यह भयावह घटना 6 अगस्त, 1945 को हुई थी, जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर लिटिल बॉय नामक एक परमाणु बम गिराया। यह परमाणु हमला 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त करने के मकसद से किया गया था। इस दिन को परमाणु ऊर्जा और परमाणु हथियारों के खतरे के बारे में शांति को बढ़ावा देने और जागरूकता फैलाने के लिए याद किया जाता है।।

आपराधिक मामलों में सांसदों के विशेषाधिकार नहीं: नायडू

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि आपराधिक मामलों में सांसदों के विशेषाधिकार नहीं होते हैं।

श्री नायडू ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद उक्त व्यवस्था देते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से सांसदों के बीच सांसदों की विशेषाधिकार को लेकर असमंजस बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा बन रही है कि जांच एजेंसी संसद के सत्र के दौरान सांसदों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती है। श्री नायडू ने संविधान के अनुच्छेद 105 का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी सांसद को संसदीय कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए विशेष अधिकार दिए गए हैं।

कांवड़ लेकर निकले मुख्यमंत्री भूपेश, हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना

■ बोले – सावन तप और त्याग का त्योहार, प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना

रायपुर। रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एक कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। शिव भक्ति में मस्त भूपेश बघेल सड़क पर बोल बम का नारा लगाते हुए कंधे पर कांवड़ लेकर चले। दरअसल, राजधानी रायपुर गुढ़ियारी स्थित मारूति मंगलम परिसर में आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा कार्यक्रम में सीएम शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यात्रा के शुभारंभ में मंत्रोच्चार और विधि-विधान से कांवड़ पूजा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेल की बुनियादी परियोजनाओं के लिए धन की कमी नहीं: पीयूष गोयल

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि रेल की बुनियादी परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

श्री गोयल ने शून्यकाल के दौरान पश्चिम बंगाल में एक रेल परियोजना के लंबे समय से रुके होने के मुद्दे पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण का मसला राज्य सरकारों का है। केंद्र के पास रेल की बुनियादी परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। एक बार भूमि अधिग्रहण होने के बाद काम शुरू हो जाता है। पश्चिम बंगाल में रेल की बुनियादी परियोजना के रुके होने का मुद्दा तृणमूल कांग्रेस के नदीम उल हक ने उठाया था। केरल कांग्रेस के के. मणि जोस ने कहा कि केरल-तमिलनाडु की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईटी के बाद अब छत्तीसगढ़ में ईडी की रेड

रायपुर-नांदगांव में ज्वेलर्स, दुर्ग में सीए के ठिकाने पर छापे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग के छापे के बाद प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी ने छापामार कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह से ही ईडी के अफसरों ने राजधानी रायपुर में कुछ ज्वेलर्स और कपड़ा व्यापारी के ठिकानों पर छापा मारा है। इसके साथ ही राजनांदगांव में भी ज्वेलर्स और दुर्ग में एक सीए के बंगले में दबिश दी है। दिल्ली से पहुंचे ईडी के अफसरों ने तीनों

जिलों में अलग-अलग टीम बनाकर दबिश दी। जानकारी के अनुसार रायपुर में ईडी टीम ने पगारिया ज्वेलर्स के यहां छापा मारा है। इसके अलावा राजधानी में कुछ अन्य जगहों पर भी टीम के रेड करने की खबर है। वहीं दुर्ग में भी टीम ने नवकार ज्वेलर्स, सीए कोठारी ब्रदर्स के यहां छापा मारा है। इसके अलावा राजनांदगांव के जसराज बैद ज्वेलर्स, नाकोड़ा टेक्सटाइल में भी छापे की कार्रवाई चल रही है। हालांकि ईडी की ओर से देर शाम तक कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया गया था। बता दें कि छत्तीसगढ़ में महज 3 दिन पूर्व ही आयकर विभाग की टीमों ने दबिश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तेजी से फैल रहा मंकीपॉक्स, अमेरिका ने किया हेल्थ इमरजेंसी का ऐलान

वॉशिंगटन (ए.)। मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों और खतरे को देखते हुए अमेरिका ने हेल्थ इमर्जेंसी का ऐलान कर दिया है। रॉयटर्स के मुताबिक जो बाइडन के प्रशासन ने वायरस की गंभीरता को देखते हुए यह कदम उठाया है। 2 अगस्त को राष्ट्रपति बाइडन ने दो शीर्ष अधिकारियों को इस वायरस से निपटने का जिम्मा दिया था।

कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रेडवानी में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकवादियों के साथ उनकी मुठभेड़ शुरू हो गई। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ममता बनर्जी ने पीएम मोदी से की मुलाकात जीएसटी-बकाया समेत कई मुद्दों पर बात

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो, जो चार दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। पीएम के साथ अपने राज्य के लिए जीएसटी बकाया जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि ममता की पीएम मोदी से मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब ईडी ने ममता सरकार में रहे कद्दावर नेता और टीएमसी के वरिष्ठ नेता पार्थ

चटर्जी को गिरफ्तार किया था। वो शिक्षण भर्ती घोटाले में आरोपी बनाए गए हैं।

बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ममता चार दिनी दिल्ली दौरे पर हैं। शुक्रवार शाम को वो नवनिर्वाचित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सरकार के साथ बदले राणा दंपति के तेवर!

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुंबई पुलिस ने कोर्ट में आवेदन दायर दंपति की जमानत रद्द करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि दोनों ही नेता प्रदेश में नई सरकार के आने के बाद कोर्ट की कार्यवाही से गायब रहे हैं। 1 जुलाई को महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट) ने सरकार बनाई थी। मुंबई पुलिस के इस आवेदन को लेकर विशेष अदालत ने राणा दंपति को फटकार लगाई है। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप घरात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेशनल हेराल्ड के सभी फैसले मोती लाल वोरा द्वारा लेने के सबूत नहीं

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के करीबी सूत्रों ने कहा है कि पूछताछ के लिए बुलाए गए कांग्रेस नेताओं (सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत) में से किसी ने भी यह साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं दिया कि एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े सभी वित्तीय लेनदेन स्वर्गीय मोती लाल वोरा द्वारा नियंत्रित किए गए थे।

ईडी के सूत्रों ने किया दावा

मोती लाल वोरा कांग्रेस पार्टी के सबसे लंबे समय तक कोषाध्यक्ष रहे। उनका साल 2020 में निधन हो गया था। दरअसल, राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी से पूछताछ के दौरान कहा था कि एजेएल और यंग इंडिया लिमिटेड से जुड़े सभी वित्तीय लेन-देन मोती लाल वोरा ही देखा करते थे।

ईडी सूत्रों का कहना है कि जब राहुल गांधी से वित्तीय पहलुओं के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी लेनदेन वोरा द्वारा किए जाते हैं। ईडी के सामने राहुल और सोनिया के अलावा कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन कुमार बंसल ने भी यही नाम लिया था लेकिन, ये सभी नेता बैठक से संबंधित दस्तावेज पेश करने में विफल रहे, अगर ऐसी कोई बैठक हुई।

मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उद्धव ठाकरे को मिला नया काम

■ संजय राउत की जगह खुद करेंगे 'सामना'

मुंबई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे अब नए रोल में दिखाई देंगे। पार्टी के राज्यसभा सांसद और मुखपत्र 'सामना' के संपादक रहे संजय राउत के जेल जाने के बाद उद्धव ठाकरे ने यह काम संभाल लिया है। पातरा चॉल घोटाले में ईडी ने पिछले दिनों संजय राउत को अरेस्ट कर लिया था और फिलहाल वह उसकी ही हिरासत में हैं। ऐसे में शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी ली है। उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादक का पद संभाला है। एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बाद उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र में सत्ता गंवानी पड़ी थी।

इसके साथ ही बड़े पैमाने पर हुई बगावत के बाद पार्टी पर भी उनकी पकड़ ढीली हो गई। इस बीच पातरा चॉल घोटाले में ईडी द्वारा शिवसेना सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी ने ठाकरे को एक और बड़ा झटका दिया। ऐसे में शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' को ठाकरे ने अपने हाथ में ले लिया है। उद्धव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

तिरंगे को लेकर सियासत अनुचित

इस साल देश स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। आजादी के इस अमृत महोत्सव पर सरकार ने घर-घर तिरंगा अभियान चलाने का आव्हान किया है किन्तु इस आयोजन को लेकर सियासत शुरू हो गई है जो कतई उचित नहीं है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है। इस तिरंगे के तले ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी और स्वतंत्री की बलीवेदी पर हंसते हंसते अपने प्राणों की आहूती दी थी। ऐसे तिरंगे को लेकर यदि कुछ विपक्षी पार्टियों के नेता राजनीति कर रहे है तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता को ही उजागर करता है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ति ने घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर जो आपत्तिजनक टिप्पणियां की है वह उनकी घृणित सोच को दर्शाती है। उनका कहना है कि तिरंगा फहराने के लिए सभी लोगों को बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। वहीं वे कश्मीर के झंडे को लेकर भी आंसू बहा रहे है जो अब इतिहास बन चुका है। रही बात उनके इस आरोप की कि लोगों को घर-घर तिरंगा लगाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता तो उन्हे यह बात समझनी चाहिए कि इसके लिए कोई बाध्यता नहीं है। जिन्हे अपने देश से प्यार होगा और राष्ट्रीय ध्वज के प्रती सम्मान होगा वे जरूर तिरंगा फहराएंगे लेकिन जो न चाहे उन्हे तिरंगे फहराने के लिए कोई बाध्य नहीं कर रहा है। इसके बाद भी इस तरह के बेतूके बयान देकर वे नेता बेवजह तिरंगे को लेकर अपनी भड़ास निकाल रहे है। इसी तरह असदुद्दीन औवैसी ने भी घर घर तिरंगा अभियान को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने तो तिरंगा के बारे में और भी विवादास्पद बयानबाजी की है। इस नेताओं की बेहूदा बयानबाजी से घर-घर तिरंगा अभियान की गरीमा खंडित हो रही है। बेहतर होगा कि ऐसी संकीर्ण मानसिकता वाले नेता तिरंगे को लेकर बयानबाजी से परहेज करे, यदि वे तिरंगे का सम्मान करना चाहते तो बेशन करें लेकिन उल जुलूल बयान देकर तिरंगे का अपमान भी न करें। 2023 में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, इससे पहले अब तिंरगे पर सियासत दिखाई दे रही है. बीजेपी और कांग्रेस अब तिरंगे के नाम पर मैदान में उतरी हुई हैं. बीजेपी के हर घर अभियान के बाद अब कांग्रेस ने तिंरगा सम्मान महोत्सव और पदयात्रा कार्यक्रम मनाने का ऐलान किया है. तिंरगे को लेकर दोनों ही राजनीति दल मैदान में उतरे हुए हैं और अभियान छेड़े हुए हैं. जहां बीजेपी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में जोर लगाएगी तो वहीं कांग्रेस ने 9 से 15 अगस्त तक तिंरगा महोत्सव मनाने का ऐलान किया है।

विचार

भारत क्या पाकिस्तान की मदद करे?

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघ और मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भारत के प्रति जिन शब्दों में आभार व्यक्त किया है, वैसे कर्णप्रिय शब्द किसी पड़ौसी देश के नेता शायद ही कभी बोलते हैं। क्या ही अच्छा हो कि पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान और नेपाल के शीर्ष नेता भी भारत के लिए वैसे ही शब्दों का प्रयोग करें। यह बात मैंने एक भाषण में कही तो कुछ श्रोताओं ने मुझसे पूछा कि क्या पाकिस्तान भी कभी भारत के लिए इतने आदरपूर्ण शब्दों का इस्तेमाल कर सकता है? श्रीलंका और मालदीव, ये दोनों हमारे पड़ौसी देश भयंकर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में भारत ने इन दोनों देशों को अनाजों, दवाइयों और डॉलरों से पाट दिया है। ये दोनों देश भारत की मदद के बिना अराजकता के दौर में प्रवेश करनेवाले ही थे। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने अपनी संसद को दिए पहले संबोधन में भारत का नाम लेकर कहा कि भारत ने श्रीलंका को जीवन-दान किया है। भारत ने श्रीलंका को 4 बिलियन डॉलर तथा अन्य कही सहूलियतें इधर दी हैं जबकि चीन ने भारत के मुकाबले आधी मदद भी नहीं की है और वह श्रीलंका को अपना सामरिक अड्डा बनाने पर तुला हुआ है। इसी तरह पिछले कुछ वर्षों में मालदीव के कुछ नेताओं को अपना बगलबच्चा बनाकर चीन ने उसके सामने कई चूसनियां लटका दी थीं लेकिन इसी हफ्ते मालदीव के राष्ट्रपति सोलेह की भारत-यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच छह समझौतों पर दस्तखत हुए। सोलिह ने कोरोना-काल में भारत द्वारा भेजी गई दवाइयों के लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में आतंकवाद और राष्ट्रों के उस पार से होनेवाले अपराधों के विरुद्ध भारत के साथ खुला सहयोग करने की बात कही है। बिना बोले ही उन्होंने सब कुछ कह दिया है। भारत की मदद से सैकड़ों करोड़ रु. के कई निर्माण-कार्यों की योजना भी बनी है। भारत ने मालदीव को अनेक सामरिक संसाधन भी भेंट किए हैं। अब प्रश्न यही है कि क्या भारत ऐसे ही लाभदायक काम पाकिस्तान के लिए भी कर सकता है? किसी से भी आप यह प्रश्न पूछें तो उसका प्रश्न यही होगा कि आपका दिमाग तो ठीक है? पाकिस्तान का बस चले तो वह भारत का ही समूल नाश कर दे। यह बात मोटे तौर पर ठीक लगती है लेकिन अभी-अभी अल-क़ायदा के सरगना जवाहिरी के खात्मे में पाकिस्तान का जो सक्रिय सहयोग रहा और उसामा बिन लादेन के बारे में भी उसकी नीति यही रही, इससे क्या सिद्ध होता है? यही कि मजबूरी का नाम महात्मा गांधी! जब आसिफ ज़रदारी राष्ट्रपति थे तो मैंने फोन करके पूछा कि आपके भयंकर आर्थिक संकट में क्या हम आपको कुछ मदद दें तो आप स्वीकार कर लेंगे? उससे आपकी सीट को खतरा तो नहीं हो जाएगा? उनकी तरफ से हर्ष और आश्चर्य दोनों व्यक्त किए गए लेकिन हमारे प्रधानमंत्री मनमोहनसिंहजी की हिम्मत नहीं पड़ी। यदि नरेंद्र मोदी इस समय शाहबाज शरीफ को वैसा ही इशारा करके देखें तो शायद कोई चमत्कार हो जाए। भारत-पाक संबंधों में अपूर्व सुधार के द्वार खुल सकते हैं।

कंगारू कोर्ट, इलेक्ट्रानिक मीडिया और सुप्रीम कोर्ट

प्रेम शर्मा

अब तो मीडिया का एक संवर्ग खुले आम दलगत राजनीति को हवा देने, उसके प्रवक्ता के रूप में काम करने जैसी हरकते करता दिखाई देता है। राजनेताओं और सरकारों के महिमा मण्डन में इलेक्ट्रानिक मीडिया अपनी सीमाए लॉघ चुका है। समय के साथ मीडिया के स्वरूप और मिशन में काफी परिवर्तन हुआ है। अब गंभीर मुद्दों के लिए मीडिया में जगह घटी है। अखबार का मुखपृष्ठ अमूमन राजनेताओं की बयानबाजी, उनकी प्रशस्ति, क्रिकेट मैचों अथवा बाजार के उतार-चढ़ाव को ही मुख्य रूप से स्थान देता है। गंभीर से गंभीर मुद्दे अंदर के पृष्ठों पर लिए जाते हैं तथा कई बार तो सिरे से गायब रहते हैं। समाचारों के रूप में कई समस्याएं जगह तो पा लेती हैं परंतु उन पर गंभीर विमर्श के लिए समय की या पृष्ठों की कमी हो जाती है। उत्तर भारत और दक्षिण भारत में किस प्रकार से सामाजिक ढांचे में बदलाव हो रहा है इसके बारे में भी भारतीय भाषाओं के समाचारपत्रों में सामान्यतः बहुत कुछ पढ़ने को नहीं मिलता।

प्रिन्ट मीडिया को धकेल कर आगे बढ़ने की होड़ में इलेक्ट्रानिक मीडिया उस रास्ते आगे बढ़ चुका है जिसनें पत्रकारिता क्के अस्तिव के लिए खतरा उत्पन्न कर दिया है। इलेक्ट्रानिक मीडिया में होने वाली बहस और खबरों को परोसने के बेतुके तरीको पर कोई पहली बार टिप्पणी नही हो रही बल्कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश इलेक्ट्रानिक मीडिया को नसीहत दे चुके है। रांची में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में एक कार्यक्रम मे मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमन्नों कहा, कई न्यायिक मुद्दों पर गलत सूचना और एजेंडा चलाना लोकतंत्र के लिए हानिकारक साबित हो रहा है।उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया और इलेक्ट्रोनिक मीडिया जीरो एकाउंटेबिलिटी के तहत काम कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया अदालतों के आदेश को तोड़-मरोड़कर देश की न्यायपालिका की छवि गलत तरीके से पेश करते हैं। इससे देशभर के न्यायाधीशों के आदेश पर कई सवाल खड़े होने लगते हैं। रांची के ज्यूडिशियल अकादमी में जस्टिस एसबी सिन्हा मेमोरियल लेक्चर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया खास कर सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संयम रखें। सोशल मीडिया को ज्यूडिसीयरी स्वतंत्रता पर भी ध्यान देना होगा। हम लोग एक गाइडिंग फैक्टर के रूप में कोई मामले को नहीं सुलझा सकते। मीडिया ऐसे मामलों को भी उछालती है। यह हानिकारक (डेट्रीमेंटल) होता है। हमलोगों को समाज में लोकतंत्र की भावनाओं को देखते हुए काम करना पड़ता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कंगारू कोर्ट चला रहा है। प्रिंट मीडिया की कुछ जवाबदेही है, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की कोई जवाबदेही नहीं बची है। सोशल मीडिया की इससे भी बदतर स्थिति है। इन दिनों हम न्यायाधीशों पर शारीरिक हमलों की बढ़ती संख्या देख रहे हैं। बिना किसी सुरक्षा या सुरक्षा के आश्वासन के न्यायाधीशों को उसी समाज में रहना होगा, जिस समाज में उन्होंने लोगों को दोषी ठहराया है।

सितम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कहा गया था कि इलेक्ट्रानिक मीडिया के नियमन की जरूरत है क्योंकि अधिकांश चौनल सिर्फटीआरपी की दौड़ में लगे हैं और यह ज्यादा सनसनीखेज की ओर जा रहा है। उस दौरान मीडिया का बचाव करते हुए सरकार की तरफ से कहा गया था कि प्रेस को नियंत्रित करना किसी भी लोकतंत्र के लिये घातक होगा। जिसके जबाब में न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति इन्दु मल्होत्रा और न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की पीठ ने स्पष्ट किया कि वह मीडिया पर सेन्सरशिप लगाने का सुझाव नहीं दे रहा है लेकिन मीडिया में किसी न किसी तरह का स्वतः नियंत्रण होना चाहिए। यह टिप्पणी न्यायालय ने सुदर्शन टीवी के कार्यक्रम 'बिन्दास बोल' के प्रोमो को लेकर उठे सवालों पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की. इस प्रोमो में दावा किया गया है कि 'बिन्दास बोल' कार्यक्रम में सरकारी नौकरियों में मुस्लमानों की कथित घुसपैठ की साजिश का पर्दाफाश किया जायेगा। ऐसी कई बार टिप्पणी इलेक्ट्रानिक मीडिया को लेकर हो चुकी है। इलेक्ट्रानिक मीडिया पर जिस तरह से बदजुबानी बहस दिखाई जाती है। जिस तरह से समाज के चीरहरण का प्रयास किया जाता है। जिस तरह से टीआरपी बढ़ाने के लिए खबरों का छिंदा अनवेषण किया जाता है उसे किसी भी स्थिति में सार्थक पत्रकारिता नही कहा जा सकता। समाचार चैनलों को यह बात जितनी जल्दी हो समझ लेना चाहिए वरना यदि देर हो गयी तो यह उनके अस्तित्व का संकट भी हो सकता है।

दायित्व निवहन के हिसाब से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का काम यह होना चाहिए था कि वह लोगों को जागरूक करे किन्तु टीआरपी के चलते समाचार चैनल इन दिनों किसी भी खबर को सनसनी बनाकर पेश करने से नहीं चूक रहे। यह चिंताजनक स्थिति है। अगर हम भारतीय समाचार पत्रों तथा इलेक्ट्रानिक चौनलों पर प्रसारित होने वाले समाचारों को देखे तो यह समझना मुश्किल नहीं है कि इस देश में अब सूचना माध्यमों के लिए एकमात्र प्रमुख चिंता है राजनीतिक उठापटक और चंद राजनीतिज्ञों की चमक दमक एवं शोहरत का प्रचार प्रसार. बाकी सब बेकार है। सोशल मीडिया की बढ़ती ताकत, प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता और वेब जर्नलिज्म की मजबूती ने इस माध्यम की प्रासंगिकता और भरोसे को तोड़ा है। सच को सामने लाना मीडिया का दायित्व होता है पर उस सच की कीमत कौन चुकाए?इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया ज्यादा सशक्त है। प्रिंट मीडिया सावधानीपूर्वक अध्ययन और समझने के बाद खबर देता है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पल-पल के समाचार तत्काल देता है। समाज में जागरूकता लाने में अखबारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह भूमिका किसी एक देश अथवा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, विश्व के तमाम प्रगतिशील विचारों वाले देशों में समाचार पत्रों की महती भूमिका से कोई इंकार नहीं कर सकता। मीडिया में और विशेष तौर पर प्रिंट मीडिया में जनमत बनाने की अद्भुत शक्ति होती है। नीति निर्धारण में जनता की राय जानने में और नीति निर्धारकों तक जनता की बात पहुंचाने में समाचारपत्र एक सेतु की तरह काम करते हैं। हम स्वयं को लोकतंत्र कहते हैं तो हमें यह भी जान लेना चाहिए कि कोई भी राष्ट्र तब तक पूर्ण रूप से लोकतांत्रिक नहीं हो सकता जब तक उसके नागरिकों को अपने अधिकारों को जीवन में इस्तेमाल करने का संपूर्ण मौका न मिले। मीडिया समाज की आवाज शासन तक पहुंचाने में उसका प्रतिनिधि बनता है, लेकिन आजकल उलटा ही चलन है।आज प्रधान सेवक और उनकी पार्टी एवं सरकार के अतिरिक्त भारत देश में और कुछ समाचार बचा ही नहीं है. बाकी सेंसेक्स है, आइपीएल है. अर्थात आर्थिक समाचार और व्यवसाय. अब सवाल यह उठता है कि वाकई मीडिया अथवा प्रेस जनता की आवाज हैं? आखिर वे जनता किसे मानते हैं? उनके लिए शोषितों की आवाज उठाना ज्यादा महत्वपूर्ण है अथवा युद्ध और हथियारों की रिपोर्टिंग करना? आम आदमी के मुद्दे बड़े हैं अथवा किसी सेलिब्रिटी की निजी जिंदगी? आज की पत्रकारिता इस दौर से गुजर रही है जब उसकी प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।

बलिदानियों का अपमान है राष्ट्रमंडल की गुलामी

विष्णुगुप्त

ब्रिटेन की यह इच्छा भी थी कि दूसरे विश्व युद्ध के कारण क्षीन हुई उसकी अंतर्राष्ट्रीय शक्ति फिर से जीवित हो। संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना के बाद ब्रिटेन दुनिया का बेताज बादशाह नहीं रहा था। दुनिया के पटल पर अमेरिका एक मसीहा देश के रूप में उपस्थित हो चुका था। राष्ट्रमंडल की अवधारणा कोई खास पहचान नही बना सकी। उसके घोषित प्रस्तावना सिर्फखानापूर्ति के विषय बन गये, मनोरंजन के विषय बन गये, पर्यटन के विषय बन गये। राष्ट्रमंडल न तो संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी भूमिका निभा सका और न ही लोकतंत्र के विकास और मानवाधिकार के संरक्षण में कोई बड़ी भूमिका निभा सका। पाकिस्तान, अफ्गानिस्तान सहित अनेक देशों में लोकतंत्र का हनन कर दिया गया, तानाशाही लाद दी गयी, मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हुआ, तानाशाही कायम करने के लिए अमानवीय हिंसा हुई, गरीबी और कुपोषण बढ़ा।

राष्ट्मंडल की गुलामी से मुक्ति का प्रश्न एक बार फिर महत्वपूर्ण हो चुका है और राष्ट्रमंडल की गुलामी को एक कंलक व स्वतंत्रता आंदोलन के बलिदानियों के अपमान के तौर पर देखा जा रहा है। फिलहाल राष्ट्रमंडल खेलों की धूम है। खासकर भारत के मीडिया में कुछ ज्यादा ही चर्चा है। चर्चा इसलिए है कि भारत के खिलाड़ी पदक जीत रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जब देश का कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो यह देशवासियों के लिए गर्व का विषय होता है। इसलिए राष्ट्रमंडल खेलों में पदक मिलने के बाद गर्व की अनुभूति होनी ही चाहिए। राष्ट्रमंडल खेंल जिसे अंग्रेजी में कॉमनवेल्थ गेम्स कहा जाता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता है और सदस्य देशों को खेल के माध्यम से अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने का अवसर भी देती है। कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन कोई नया नही है बल्कि यह आयोजन गुलामी के कार्यकाल से चला आ रहा है। जब भारत सहित पूरी दुनिया की आधी से अधिक धरती और आबादी ब्रिटेन के गुलाम हुआ करती थी ,उस काल से कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होता आ रहा है। ऐसे पहला आयोजन 1930 में हुआ था। पहला आयोजन कनाडा के आटेरियों में हुआ, जिसमें ग्यारह देशों के 400 से धिकर खिलाड़ियों ने भाग लिया था। एशली कूपर इस आयोजन और प्रतियोगिता के जनक माने जाते हैं। एशली कूपर वह शख्त थे जिन्होंने खेलों के माध्यम से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव गुलामी आबादी के बीच मजबूत करने के लिए यह प्रस्ताव दिया था। एशली कूपर का कहना था कि ब्रिटिश कालोनी की आबादी के बीच सांस्कृतिक एकता और सामाजिक उत्थान के साथ ही साथ मानवीकरण के लिए ऐसे प्रस्ताव को लागू करना अति आवश्यक है। ब्रिटिश साम्राज्य ने एशली कूपर के इस प्रस्ताव को स्वीकृति देकर कॉमनवेल्थ गेम्स की परमपरा कायम की थी। हर चार साल के बाद इसका आयोजन होता है। कॉमनवेल्थ गेम्स को ओलम्पिक गेम्स के बराबर खड़ा करने की कोशिश हुई है, हालांकि यह कोशिश सफ्ल नहीं हो सकी, ओलम्पिक गेम्स की सर्वश्रेष्ठता बनी रही है।

राष्ट्रमंडल सिर्फखेलों के आयोजन के लिए भी नहीं जाना जाता है बल्कि लोकतंत्र और मानवाधिकार के नाम पर राजनीतिक वर्चस्व के लिए भी जाना जाता है। राष्ट्रमंडल का प्रमुख ब्रिटेन की महारानी होती है। हिटलर के आक्रमण के बाद ब्रिटेन की पराजय नहीं हुई पर ब्रिंटेन के साम्रज्य पर चोट जरूर पहुंची थी और ब्रिटेन की सैनिक और आर्थिक शक्ति जरूर चैपट हो गयी थी। ब्रिटेन के पास इतनी सैनिक और आर्थिक शक्ति नहीं बची थी कि वह अपनी गुलाम कालोनियों को नियंत्रित रख सके और अपने साम्रज्य की गुलामी नीतियों को आगे बढ़ा सके। सबसे बड़ी बात अमेरिका का दबाव भी था और अमेरिका की अपरापय वाली शक्ति स्थापित हुई थी। अमेरकिा ने जापान के हिरोशिमा-नागाशाकी पर परमाणु बम की वर्षा कर न केवल जापान का विध्पंस का किया था बल्कि हिटलर के गिरोह को भी तहस-नहस कर दिया था। खासकर ब्रिटेन और फ्रांस को अमेरिका ने न केवल लडाकू हथियारों की आपूर्ति की थी बल्कि आर्थिक सहायता भी दी थी। अमेरिका अगर हिटलर की राह में रोड़ा नहीं बनता तो ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे बड़े देशों का नामोनिशान मिट जाता और दुनिया के पटल पर हिटलर अपराजय वाली शक्ति के रूप में स्थापित हो जाता। अमेरिका ने खासकर ब्रिटेन को इस शर्त पर मदद दी थी कि दूसरा विश्व युद्ध समाप्त होने के बाद गुलाम कालोनियों को आजाद करना होगा और गुलामी के प्रतीकों को मिटाना होगा। क्योंकि हिटरल गिरोह की हिंसा और युद्ध ब्रिटेन जैसे उपनिवेशिक देशों की करतूतों के खिलाफ ही प्रारंभ हुई थी। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद भी ब्रिटेन अपनी गुलाम कालोनियों को आजाद करने का इच्छुक कदापि नहीं था। पर आर्थिक और सैनिक जर्जर स्थिति के साथ ही साथ अमेरिका के दबाव के सामने उसे झुकना पड़ा था। फ्लस्वरूप भारत सहित अनेक देशों को गुलामी से मुक्ति मिली थी।

ब्रिटेन की गुलामी से मुक्ति तो दुनिया के कई देशों को जरूर मिली थी पर ब्रिटेन की गुलामी मानसिकता से पूर्व गुलाम देश पूरी तरह से मुक्त नहीं हो सके। ब्रिटेन की एक गुलामी मानसिकता के जाल में गुलामी से मुक्त देश फंस गये। ब्रिटेन ने राष्ट्रमंडल का पाशा फेंका था। ब्रिटेन ने चाल चली थी कि उसके कालोनियों से आजाद हुए देश राष्ट्रमंडल की छत्रछाया में एक रहेंगे और राष्ट्रमंडल को गुलामी का हथकंडा बना कर रखेंगे। इसके लिए सुरक्षा, सहयोग और सांस्कृतिक एकता को ढाल बनाया गया। ब्रिटेन ने 1947 में राष्ट्रमंडल को लेंकर कहा था कि वह आजाद हुए देशों में लोकतंत्र को बढ़ावा देने और आर्थिक सहयोग करने के साथ ही साथ सास्कृतिक पहचान कायम करने के लिए पारस्पिरक सहयोग पर काम करेंगे। आर्थिक सहयोग का भी लालच दिया था। इसी लालच में भारत भी फंसा था और अन्य आजाद देश भी फ्से थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कौन लगती हूँ तेरी गलियों की

कौन लगती हूँ तेरी गलियों की हवा की महक अहसासों के बंद किवाड़ को धकेल मेरी रूह के कानों में पायल बजा गई और मैं सोचती ही रह गयी, कि, मैं तेरी कौन लगती हूँ तेरी आवाज़ की सोंधी खुशबू दिल के दरवाजे को धकेल मेरी रूह को सराबोर कर गयी और में सोचती ही रह गयी, कि, मैं तेरी कौन लगती हूँ।

- अनिता कपूर

हृदयंगम हरीतिमा

हृदयंगम हरीतिमा ओढ़े निसर्ग के झिलमिल गांव में; विहग-वृंद की गूंज में वृक्षों की घनी छांव में; पत्तों से टपकते पीयूष के रस में स्वयं को भिगोकर; आह्लादित मन जो छेड़े जयजयवंती की तान में; मैं हूं, तुम हो, जीवन है ढूंढ़ो तो ईश्वर-धाम है; इनके सुर में बह जाओ जीना तो इसी का नाम है। **- कविता माथुर**

खास पाती | नही चाहिए मोक्ष मुझे तुम्हारे

नही चाहिए मोक्ष मुझे तुम्हारे प्रेम से सुनो प्रिय कल जब मैं सुपुर्द ए ख़ाक होऊं मत कैद करना मेरी राख उस बंद ताबूत नुमा कलश में मत बहाना मुझे किसी पवित्र नदी की जलधारा में गुज़ारिश है तुमसे मत भिगोना तुम राख के उन धधकते कतरों को अपने आंसुओं से नही चाहिए मोक्ष मुझे तुम्हारे प्रेम से आज़ाद कर देना मुझे इस हवा की तरह जिसमें घुलमिल कर मैं रच बस जाऊं हर उस पगडंडी पर जहाँ जहाँ भी तुम अपने पाँव रखो।

- प्रियंवदा अवस्थी

हो रही हैं ,हत्यायें तड़प रही

हो रही हैं ,हत्यायें तड़प रही है ,आत्मायें गिर रही हैं ,लाशें , तेरे ही सामने खो रही हैं ,मानवता गम हो रही है इंसानियत , मिट रहा है भाईचारा , तेरे ही सामने तूने रचा ,रामायण , तूने रचा ,महाभारत , संघार किया दुष्टो का तूने ही , परन्तु! अब चुप क्यों है सब कुछ देख कर , क्या तेरी पौरुषता नष्ट हो गई हैं , मैं पूछता हु ,रामायण ,महाभारत की कहानियाँ गलत है , जबाब दे ङ्कजबाब दे . अरे ! मैं तो भूल ही गया , की तुझमे प्राण कहाँ , तु तो सिर्फएक मूर्ति है।

- नमन कुमार मिश्रा

राजनैतिक पार्टियां भंग हों चुनाव

राजनैतिक पार्टियां भंग हों । चुनाव निर्दलीय पद्दति से सम्पन्न हों । न मतदाता किसी का गुलाम हो, न उमीदवार किसी पार्टी का गुलाम हो । हर व्यक्ति को मतदान का अधिकार हो और मतदाता एक पागल तक को चुन लेने के लिए स्वतन्त्र हों ।

- अर्पित अनाम

चाहे किसी का दिल हो कभी खाली नही रहता। चाहे प्यार हो अहंकार

चाहे किसी का दिल हो कभी खाली नही रहता। चाहे प्यार हो अहंकार हो, दर्द हो,इर्ष्या हो, ममता हो या नफरत मासूम दिलों में हमेशा प्यार रहता है ज़माने का फ़र्ज़ है कि वो उनमें जहर ना घोले फर्ज गर आदा होती तो बाखुदा दुनिया बहुत खुबसूरत होती।- **प्रीती श्रीवास्तव**

जीभ का क्या रहने दे, तकलीफमें

जीभ का क्या रहने दे, तकलीफमें बड़बड़ाया कर जीता है मर मर के तू , मन ही मन फुसफुसाया कर तू भी इन्सान है ये सोचकर, मुझे हँसी आने लगती है अबे! ज़िन्दा है मसीहा तो दिलों को खुदबुदाया कर।

- केदार नाथ शब्द मसीहा

गुमनाम ज़िन्दगी है मेरी अब

गुमनाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना बेदाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना मैं ढूँढता हूँ रोज़ , इधर से उधर तुझे नाकाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना दुनिया लगाती रोज़ है , इल्ज़ाम सर मेरे बदनाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना नफ़रत खड़ी है , राहे-मुहब्बत में आजकल पैग़ाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना जलने लगा है रोज़ चमन , नफ़रतों से अब किस काम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना रहने को घर नहीं , न निवाला ही मुँह का है इक शाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना लगता नहीं है जी कहीं , अब मैकदा है घर बस जाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना 'ऐनुल' ग़ज़ल में ढालते , क्यूँ दर्द रोज़ो-शब नीलाम ज़िन्दगी है मेरी , अब तेरे बिना।

- 'ऐनुल' बरौलवी

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत की समुद्री सीमा का विस्तार तट से कितने नॉटिकल मील तक है?
2) राष्ट्रमंडल खेलों के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का डेविड डिक्सन पुरस्कार दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में किस खिलाड़ी को प्रदान किया गया?
3) बालोद नगर का निर्माण किस राजा ने करवाया था?
4) कौन सा प्रथम व एकमात्र रियासत जिसने भारत संघ में प्रवेश की स्वीकृति दी थी?
5) वेंकटरमन कृष्णमूर्ति का हाल ही में निधन हो गया। वह किस संस्था के पूर्व अध्यक्ष थे?

उत्तरमाला- (1) 12 नॉटिकल मील [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1825 - बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की। 1862 - मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना की गयी। 1906 - प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन दास और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया। 1914 - ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1937 - अमेरिका में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की स्थापना हुई। 1945 - अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया । 1960 - क्यूबा ने देश की सभी संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण किया। 1962 - जमैका में ब्रिटेन का सम्राज्य समाप्त हुआ और उसे स्वतंत्रता मिली। 1986 - भारत के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ। 1996 - नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जतायी। 2001 - भारत और ऑस्ट्रेलिया में आर्थिक समझौता। 2010 - जम्मू कश्मीर में बाढ़ से कम से कम 255 लोग मारे गये। 2011 - थाईलैंड में प्यूइआ थाई दल की यिंगलुक शिनवात्रा देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। 2011 - अफ्गानिस्तान के पूर्वी हिस्से में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 31 अमेरिकी और सात अफ्गानी सैनिकों की मौत हुई। 2015 - सऊदी अरब के आभा शहर में एक मस्जिद में आत्मघाती बम हमले में कम से कम 15 लोगों मारे गये। 2019 - पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज का निधन । 2019 - हरियाणा ने महाराष्ट्र के मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) की तर्ज पर हरकोका (हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम) कानून बनाया।

न्यूज गैलरी

शहर की दो आत्मानंद स्कूलों में इस साल से शुरू होंगी नर्सरी कक्षायें

बिलासपुर (नव प्रदेश)। छ0ग0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 11 अंग्रेजी माध्यम और 01 हिन्दी माध्यम के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप जिले के दो स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय स्वामी आत्मानंद शेख गफ्फार उ.अं.मा.वि. तारबाहर बिलासपुर एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लाला लाजपतराय खपरगंज बिलासपुर में इसी सत्र 2022-23 से नर्सरी की कक्षायें प्रारम्भ की जा रही है। जिला शिक्षाा अधिकारी ने बताया कि नर्सरी कक्षाओं हेतु नर्सरी शिक्षिकों की संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदन हेतु केवल नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थियों को आनलाईन आवेदन करना होगा। जिले के पोर्टल में जाकर विज्ञापन का विस्तृत प्रारूप देख सकते है तथा दिये गयें लिंक में आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 19 अगस्त 2022 तक है। आफ्लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी. के. कौशिक ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की दोनों आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में नर्सरी कक्षा का संचालन बिलासपुर जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से किया जाएगा। नर्सरी में प्रवेश हेतु 01 सितम्बर 2022 से आवेदन लिया जायेगा, जिसमें 31 मई 2022 कि स्थिति में साढ़े चार वर्ष से साढ़े पॉच वर्ष के मध्य आयु के बालक बालिकाएॅ पात्र होगें।

चन्द्रगढ़ी में पटवारी ने गिरदावरी कार्य किया

मुंगेली (नव प्रदेश)। राजस्व अभिलेखों की शुद्धता समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं प्राइस सपोर्टिंग स्कीम के अंतर्गत अरहर, उड़द एवं मूंग उपार्जन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि का क्रियान्वयन गिरदावरी की शुद्धता पर निर्भर करता है। जिसके लिए प्रति वर्ष पटवारी अपने क्षेत्र मे जाकर ग्रामीणों की उपस्थिति में गिदावरी का कार्य करते है। इसी क्रम में ग्राम चन्द्रगढ़ी मे गिरदावरी किया गया। इस अवसर पर पटवारी नारायण बंजारे, कोटवार जोगेलाल, रोहित यादव, अमित सोनी, पुनाराम यादव, रामरतन यादव सहित अन्य किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

एप से बिना मांगे मिल रहा लोन, दोगुनी रकम की हो रही वसूली

बिलासपुर (नव प्रदेश)। इंटरनेट मीडिया एप के माध्यम से तुरंत लोन का प्रलोभन दिया जा रहा है। जरूरतमंद रूपयों के लिए इसे डाउनलोड कर लोन ले रहे हैं। इसके बाद उनसे एक महीने के भीतर ही दोगुनी रकम की मांग की जा रही है। ऐसे एप के चक्कर में कई लोगों को अपनी मेहनत की कमाई गंवानी पड़ी है। वहीं, कई मामले थाने तक भी पहुंच रहे हैं। सरकंडा क्षेत्र में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया है। इसमें महिला को लोन देकर दोगुनी रकम वसूल कर ली गई। इसके बाद बिना आवेदन के दूसरी बार उनके खाते में रकम डाली गई है। अब दोगुनी रकम की मांग की जा रही महिला ने इसकी शिकायत सरकंडा पुलिस और साइबर सेल में की है। सरकंडा के खमतराई में रहने वाली महिला स्वंसेवी संगठन चलाती हैं। बीते दिनों काम नहीं चलने पर उन्हें रकम की जरूरत थी। इसी दौरान इंटरनेट मीडिया में उन्होंने मोबाइल एप के माध्यम से लोन की जानकारी मिली। उन्होंने 25 जुलाई को अपने मोबाइल पर एप डाउनलोड कर आधार कार्ड की कापी और बैंक डिटेल दिया। इसके बाद 27 जुलाई को उनके बैंक खाते में नौ हजार रूपए आ गए।

जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

बिलासपुर (नव प्रदेश)। कलेक्टर सौरभ कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज यहां मथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 9 अगस्त को मोहर्रम पर्व सद्भावना एवं सौहादपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पुलिस, नगर निगम, सिम्स, एसईसीएल, बिजली विभाग और आबकारी विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने शहर की गौरवशाली परम्परा के अनुरूप सद्भावनापूर्वक पर्व मनाने की अपील की। शांति समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। शांति समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर सौरभ कुमार ने समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों एवं शांति समितियों के सदस्यों से कोविड टीकाकरण मुहिम की रफ्तार बढ़ाने में सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि कोविड 19 से बचाव का टीकाकरण ही सबसे अच्छा उपाय है। उन्होंने टीकाकरण के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित करने कहा। कलेक्टर ने बूस्टर डोज के लिए भी लोगों को मोबिलाइज करने की बात इस दौरान कही।

10 ट्रेनों में बर्थ को लेकर नहीं होगी मारामारी

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 10 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। चूंकि अभी त्योहारी सीजन है। इसलिए अतिरिक्त कोच लगने से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। त्योहारी सीजन में बर्थ को लेकर मारामारी रहती है। जिन ट्रेनों में रेलवे द्वारा अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। उनमें 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच 01 सितंबर तक लगे रहेंगे। सुविधा शुक्रवार से उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा 18239/18240 कोरबा - इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा कोरबा से शुक्रवार से 31 अगस्त तक तथा इतवारी से छह अगस्त से 01 सितंबर तक उपलब्ध रहेगी। इसी तरह 12856/12855 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा इतवारी से 06 अगस्त से 01 सितंबर तक तथा बिलासपुर से इतनी तिथि तक सुविधा मिलेगी।

निधन

रमेश सोनी

मुंगेली (नव प्रदेश)। प्रतिष्ठित नागरिक अधिवक्ता रमेश सोनी का आज 4 अगस्त शाम 5 बजे निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सोनी, दिनेश सोनी के भाई व पार्षद मनुराज सोनी के बड़े पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 5 अगस्त को कस्तूरी पेट्रोल पंप के पीछे गृह ग्राम करही में किया गया जिसमे बडी संख्या मे नागरिक शामिल हुए।

महासमुंद जिले के ग्राम लालपुर निवासी फूलदास कोसरिया की याचिका पर हुई सुनवाई

रात 11 बजे खुला छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, ग्रामीणों की याचिका पर हुई सुनवाई

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। आजादी के पहले से पीढ़ी-दर-पीढ़ी निवास कर रहे परिवार को बेदखली के लिए तहसीलदार ने नोटिस जारी कर दिया था। परेशान ग्रामीण गुरुवार की रात हाई कोर्ट पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एके गोस्वामी ने कोर्ट में सुनवाई का निर्देश दिया। रात 11 बजे हाई कोर्ट खुला। जस्टिस पी सैम कोशी के सिंगल बेंच में सुनवाई प्रारंभ हुई। आधा घंटे बाद जस्टिश कोसी ने आधी रात 12 बजकर 10 मिनट पर आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ग्रामीणों को राहत देते हुए तहसीलदार द्वारा जारी बेदखली वारंट पर रोक लगा दी है। परेशान ग्रामीण रात में ही राहत की सांस लेते हुए अपने घरों की ओर लौट गए।

महासमुंद जिले के ग्राम लालपुर निवासी फूलदास कोसरिया व योगेश ने अपने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की । दायर याचिका में ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन पर पीढ़ी दर पीढ़ी निवास कर रहे हैं उस जमीन की वर्ष 1982 से नियमानुसार टैक्स जमा कर रहे है। जिस जमीन का टैक्स पटा कर रह रहे हैं बेदखली के लिए तहसीलदार ने नोटिस जारी कर दिया। नोटिस की तामिली के लिए शाम साढ़े पांच बजे राजस्व विभाग की टीम पहुंची। राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार के आदेश का हवाला देते हुए बेदखली की कार्रवाई प्रारंभ कर दी। घर के हिस्से को एक्सीवेटर के जरिए तोड़ना प्रारंभ कर दिया।

इसी बीच ग्रामीणों ने वकील से मोबाइल के जरिए बात की और वस्तुस्थिति की जानकारी दी। वकील के कहने पर ग्रामीण हाई कोर्ट के लिए लालपुर से शाम में ही रवाना हुए। रात साढ़े आठ बजे हाई कोर्ट पहुंचे व वकील के जरिए रजिस्ट्रार जनरल से संपर्क किया। रजिस्ट्रार जनरल ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस गोस्वमी से चर्चा की व प्रकरण के संबंध में जानकारी दी। चीफ जस्टिस के निर्देश पर रात 11 बजे हाई कोर्ट खुला। इस बीच प्रकरण की रजिस्ट्री में सूचीबद्ध किया गया। मामले की सुनवाई जस्टिस पी सैम कोशी के सिंगल बेंच में सुनवाई प्रारंभ की।

ग्रामीणों का पक्ष सुनने के बाद जस्टिस कोशी ने तहसीलदार के आदेश पर 10 अगस्त तक रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ग्रामीणों ने बताया कि उनका परिवार आजादी के पहले से ही इसी जमीन पर निवासरत हैं और अपना जीविकापार्जन चला रहे हैं। सरकारी जमीन पर निवास के लिए घर बना लिए हैं और बची जमीन पर खेती बाड़ी कर परिवार का गुजर बसर कर रहे हैं। यही एकमात्र जीविकोपार्जन का साधन है जिसे प्रशासन छीनने पर आमादा है।

अवकाश के दिनों में हो रही सुनवाई

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अवकाश के दिनों में लगातार सुनवाई हो रही है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दिनों में दो मेडिकल छात्रों की अलग-अलग याचिकाओं पर अवकाश के दिनों में सुनवाई हुई थी। उस वक्त भी रात में हाई कोर्ट खुला था। प्रकरण की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता मेडिकल छात्रों को हाई कोर्ट ने राहत दी थी।

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहर में उत्साह का माहौल

- **समूह की दीदीयों ने कलेक्टोरेट परिसर में सजाया पंडाल**
- **महापौर और जिला पंचायत अध्यक्ष ने झण्डा खरीदकर किया स्टॉल का शुभारंभ**

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहर में उत्साह का माहौल बनने लगा है। यह अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्व सहायता समूह की दीदीयों के द्वारा बनाया गया तिरंगा हर घर में सम्मानपूर्वक फहरेगा। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में इस अभियान को सफ ल बनाने की पूरी तैयारी चल रही है। जिले की 40 महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 15 हजार झंडे तैयार किये जा रहे है। आज से समूह की महिलाओं ने जिला कार्यालय में झण्डों की बिक्री के लिए स्टाल लगाया है। महापौर श्री रामशरण यादव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान ने महिलाओं से झण्डा खरीदा और उनका हौसला बढ़ाया। महापौर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिले के नागरिकों से हर घर में तिरंगा लगाने की अपील की है।

महापौर रामशरण यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा इस साल आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हर नागरिक के मन में राष्ट्र और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को और बढ़ाने के लिए 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी की सहभागिता पर जोर दिया। जिला कार्यालय के परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया है।

कलेक्टोरेट में समूह की दीदीयों ने सजाया पंडाल

कलेक्टारेट में नारी शक्ति स्व सहायता समूह की दीदीयों द्वारा झण्डों की बिक्री के लिए पंडाल सजाया है। स्टॉल में विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक भी तिरंगा खरीद सकते है।

पोर्टल के जरिए पंजीयन नहीं कराने का खामियाजा सम्मान निधि किस्त से

मुंगेली (नव प्रदेश)। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की किस्त से वंचित रहना पड़ सकता है। इसका कारण यह है कि इन किसानों ने अब तक पोर्टल के जरिए अपना पंजीयन नहीं कराया है। इनके साथ ही लगभग 16 हजार किसानों ने अभी तक केवाईसी नहीं कराया है। ऐसे किसानों को योजना इस योजना से लाभान्वित करने ग्राम स्तर पर 5. अगस्त तक विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत सरकार ने केवाईसी के लिए 31 जुलाई तक अवधि तय की थी। जिसके बीतने तक इन किसानों ने केवाईसी अपडेट नहीं कराया। इस कारण अब इनका पंजीयन निरस्त किया जाएगा, यानि योजना के तहत अगली किश्स्त पाने के लिए इन किसानों को अब दोबारा अपना पंजीयन कराना होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले में 1 लाख 7 हजार 113 कृषकों का आनलाइन पंजीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं, योजना के तहत पात्र किसानों की संख्या में लगभग 16 हजार किसान ऐसे हैं जिन्होंने अब तक अपना केवाईसी नहीं कराया है। ई-केवाईसी अनिवार्य -अपात्र किसानों की बढ़ती संख्या को देख केंद्र सरकार ने किसानों को ई-केवाईसी करने की अनिवार्यता कर दी है। इसके लिए पहले 31 मई तक की अवधि तय की गई थी। बड़ी संख्या में किसानों ने उस समय तक केवाईसी नहीं कराया। इस कारण तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया गया था।

कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से करें निराकरण : आलोक

बिलासपुर। जोनल मुख्यालय स्थित सभागार में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार की उपस्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग रेलवे कर्मचारी संगठन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पदाघिकारियों के साथ अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग रेलवे कर्मचारी संगठन के जोनल अध्यक्ष, जोनल सचिव एवं अन्य तीनों मंडलो के पदाधिकारी के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अपर महाप्रबंधक, व सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। इस बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग रेलवे कर्मचारी संगठन के पदाघिकारियों ने महाप्रबंधक आलोक कुमार के समक्ष एससी एसटी रेलवे कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित अनेक मुद्दो पर चर्चा की।

कमिश्नर एवं कलेक्टर ने आधा दर्जन गांवों का किया सघन दौरा

खेतों में जाकर किसानी एवं फसलों की हालात का लिया जायजा

- **मैदानी अधिकारियों को किसानों के सम्पर्क में रहने दिए निर्देश**

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कमिश्नर डॉ.संजय अलंग ने आज कलेक्टर सौरभकुमार के साथ मस्तुरी विकासखण्ड के आधा दर्जन गांवों का दौरा कर फसलों एवं खेती-किसानी के ताजा हालात का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों के साथ खेतों तक पहुंचकर फसलों एवं कृषि कार्यों का अवलोकन किया। किसानों एवं कृषि मजदूरों से बातचीत भी की। उन्होंने बताया कि गत दो-तीन दिनों में अंचल में बारिश होने से बंद पड़े कृषि कार्य फिर से शुरू हुए हैं। फिर भी गांव में उपरी क्षेत्र में पानी की कमी के कारण खेत सूखने शुरू हो गये हैं। कमिश्नर ने आज मस्तुरी के ग्राम पेण्डरी, रिस्दा, हिर्री, देवगांव, खुडूभांठा और पाराघाट सहित अनेक ग्रामीणों का सघन दौरा किया। उन्होंने राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों को अल्प वर्षा वाले क्षेत्रों का हर रोज दौरा कर किसानों को हरसंभव सहयोग करने कहा है। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नजरी आनावारी तैयार करने के निर्देश भी दिये हैं। हिर्री एवं रिस्दा में बिजली की अत्यधिक कटौती की जानकारी किसानों द्वारा दिये जाने की सूचना को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को दो दिनों में स्थित सुधारने के निर्देश दिये हैं। डॉ. अलंग ने पाराघाट में आयोजित राजस्व शिविर का भी अवलोकन किया। राजस्व संबंधी विभिन्न कामों से आये हितग्राहियों से चर्चा कर उनका हाल-चाल पूछा। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई पी.के.आनंद, एसडीएम पंकज डाहिरे, कृषि विभाग के उप संचालक पी.डी.हथेश्वर सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी साथ थे।

संभाग स्तरीय जल उपयोगिता समिति की हुई बैठक

- **अल्प वर्षा से उत्पन्न ताजा हालात की समीक्षा**
- **जिला स्तरीय समिति लें सिंचाई के लिए पानी छोड़ने का निर्णय**

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित की गई। बैठक में संभाग के अंतर्गत शामिल जिलों के विधायक एवं जिला कलेक्टर वर्चुअली शामिल हुए। जिलों में अल्प एवं खण्ड वर्षा से उत्पन्न हालात,फसलों की स्थिति एवं बांधों में जल-भराव पर विचार-विमर्श किया गया। कमिश्नर डॉ. अलंग ने अल्प वर्षा वाले पॉकेट को चिन्हित कर वहां दौरा करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों की मदद के लिए वैकल्पिक योजना भी तैयार रखने को कहा है। बैठक में विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, डॉ.के.के ध्रुव ने अपने-अपने क्षेत्रों में फसलों एवं वर्षा की ताजा स्थिति से अवगत कराया। जल उपयोगिता समिति की बैठक में सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता ए.के.सोमावार ने सिंचाई जलाशयों में जल-भराव की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संभाग की पांच बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के अंतर्गत बांगो परियोजना में 54 प्रतिशत, केलो परियोजना में 26 प्रतिशत, खारंग जलाशय में 88 प्रतिशत, मनियारी जलाशय में 90 प्रतिशत एवं अरपा भैंसाझार में 33 प्रतिशत जल-भराव है। बांगो एवं मनियारी जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़ दिया गया है। मध्यम परियोजना के अंतर्गत घोंघा जलाशय में 59 प्रतिशत, किंकारी जलाशय में 62 प्रतिशत और खम्हार पाकुट जलाशय में 65 प्रतिशत जल भरा हुआ है। डॉ. अलंग ने अल्प वर्षा के हालात को देखते हुए जरूरत के मुताबिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। बैठक में बताया गया कि पिछले एक-दो दिनों में बारिश होने से हालात में कुछ सुधार हुआ है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

पेट्रोल डालकर मकान में लगाई आग, सामान और दरवाजे जले

बिलासपुर। तिफरा के यदुनंदननगर में रहने वाली महिला ने अपने मकान में आग लगाने की शिकायत की है। आगजनी की इस घटना से मकान का गेट और प्लाई जल गया। आगजनी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला ने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तिफरा के यदुनंदननगर गौर कालोनी में रहने वाली रेखा सिंह गृहणी हैं। उनके पति ट्रांसपोर्टर हैं। गुरूवार की रात वे अपने पति अनिल सिंह और बच्चों के साथ सो रही थीं। सुबह छह बजे जब वे जागी तो उनके मकान के सामने के तीन गेट जल गए थे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमेरे का तार, प्लाई और अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गए थे।

मवेशियों की तस्करी कर रहे तस्कर गिरफ्तार, 16 जानवर जब्त

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। मुखबीर से सूचना के आधार पर मवेशी तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 16 रास बैल तथा बछ्वा कीमती 50 हजार रुपए एवं माजदा वाहन सीजी 04 जेडी 7848 कीमती 6 लाख रुपए सहित एक आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। मामले में शेष फरार आरोपियो का सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पथरिया श्रीमती साधना सिंह के मार्गदर्शन पर थाना पथरिया में अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी करने के संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी परिपेक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्र में मुखबीर के जरिये सूचना मिला कि 3 अगस्त की रात्रि में ग्राम बेलखुरी से कृषक पुशओ को गाड़ी में भरकर बुचड़ खाना नागपुर महाराष्ट्र की ओर ले जाने वाले है। जैसे ही सूचना पुष्टि होने पर विशेष पुलिस टीम एवं थाना स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से घेराबंदी कर रेड किया गया। रात्रि लगभग 1 बजे बेलखुरी मोड़ तालाब किनारे एक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 7848 मे कृषि योग्य बछवा बैल को क्ररतापूर्वक मारपीट करते वाहन में भरते मौके पर पकड़ा गया। आरोपी साधेलाल पिता समारू टण्डन उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 13 मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा को पकड़ा गया। शेष आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये।

मस्तूरी विधायक डा. कृष्णमूर्ति बांधी गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यो का भूमिपूजन किया

भूमिपूजन लोकार्पण की शुरू राजनीति, क्षेत्र में नजर आने लगे विधायक

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। एक साल बाद छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्रों में नजर आने लगे हैं। विधानसभा क्षेत्र में लोकार्पण और भूमिपूजन की राजनीतिक की शुरूआत हो गई है। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में लोकार्पण और भूमिपूजन की राजनीति की शुर्आत कर दी है।

मस्तूरी विधायक डा. कृष्णमूर्ति बांधी गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर व वार्ड क्रमांक 43 बंसीलाल घृतलहरे नगर में विधायक मद से होने वाले लाखों के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। मस्तूरी विधायक डा बांधी विधायक निधि के कार्यो को लेकर जमकर राजनीतिक करते दिखाई दे रहे हैं। गुरुवार को उपनेता प्रतिपक्ष व मस्तूरी विधायक डाक्टर कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा देवरीखुर्द बिलासपुर वार्ड क्रमांक 42 व 43 में विधायक निधि से स्वीकृत विभिन्न् निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

सबसे पहले उन्होंने वार्ड नंबर 42 चन्द्रशेखर आजाद नगर संत रविदास मन्दिर चौक देवरी डीह में मंच निर्माण का भूमिपूजन किया जिसके बाद 11.30 बजे वार्ड 43 के दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी कालोनी गदा चौक स्थित दुर्गा मंच शेड निर्माण का भूमिपूजन किया जिसके बाद देवरीखुर्द चौक से लगभग 200 मीटर दूरी पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी के फिसल पट्टी ग्राउंड पहुंच कर श्री रामलीला मंच का भूमिपूजन किया इस दौरान मस्तूरी विधायक डा. कृष्णमूर्ति बांधी के साथ निगम महापौर रामशरण यादव, विधायक प्रतिनिधि बीपी सिंह, एमआइ सी सदस्य परदेशी राज एवम सैकड़ों की संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहें

आभार की राजनीति भी

देवरीखुर्दवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर क्षेत्र से विधायक प्रतिनिधि बीपी सिंह ने क्षेत्रीय विधायक डा कृष्णमूर्ति बांधी से उक्त निर्माण कार्यो की स्वीकृति को लेकर बात रखी थी। विधायक ने उनकी मांग को स्वीकृत करते हुए विकास कार्यो की नींव रखी जिसे लेकर क्षेत्रवासियों ने विधायक व विधायक प्रतिनिधि बीपी सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। भूमिपूजन और लोकार्पण के साथ ही आभार प्रदर्शन की राजनीति भी शुरू हो गई है।

स्कूल में छात्रों ने हर घर तिरंगा के लिए किया जागरूक

बिलासपुर। रतनपुर के समीपस्थ बीआर साव महाविद्यालय नेवसा एवं कौशल विधि में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं हर घर तिरंगा विद्यार्थियों ने आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा की कड़ी में रैली निकाली गई। उन्होंने हर घर तिरंगा के बारे में जागरूक किया।उन्होंने तिरंगा के महत्ता बताते हुए कहा कि त्याग की कहानी जुडी हुई है।

डायरेक्टर गीरिराज , आरके साहू ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना जन सामान्य में देशभक्ति की भावना को जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न् करना है।

कोई बहाना नहीं सुनना चाहता, 10 से सड़कों के गड्ढे भरने का काम करें शुरू

निर्माण एजेंसियों की कार्यशैली पर कलेक्टर ने जताई कड़ी नाराजगी

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। जिले के अधिकांश सड़कों की हालत खराब है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई है। बरसात आ गई है। अभी गड्ढे नहीं भरेंगे तो कब भरेंगे? आपने टेंडर के लिए पहले क्यों नहीं भेजा? यह सब आपका विभागीय काम है। कार्यों में लापरवाही दिख रही है। न बैठक लिया जा रहा है। न काम करा पा रहे हैं और न ही खुद ठीक से काम कर रहे हैं। इस तरह बिल्कुल नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री, मंत्री, राज्य सरकार से लेकर उच्च अधिकारियों के भी निर्देश है कि सभी प्रमुख सड़के गड्ढ़े विहीन रहने चाहिए। फिर भी काम नहीं कर पा रहे हैं। आप लोगों ने पहले से प्रस्ताव भी नहीं बनाया है। अब मैं कुछ नहीं जानता। 10 अगस्त से सड़कों को गड्ढा भरने का काम चालू हो जाना चाहिए और मुझे काम होते फोटो भी भेजें। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। सड़क, सरकारी भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति को देखकर कलेक्टर ने लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, हाऊसिंग बोर्ड, जल संसाधन, प्रधानमंत्री सड़क योजना सहित नेशनल हाइवे के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई। अपने अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक नहीं लेने और कार्यों की समीक्षा नहीं होने की बात कहते हुए कलेक्टर ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्यों में सुधार नहीं लाया गया तो वे उच्च अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचित करेंगे। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को विशेष मरम्मत और वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकारी भवनों, आवासीय भवनों सहित अन्य कार्यों के लिए प्रस्ताव बनायेंगे तो स्वीकृति जरूर मिलेगी। उन्होंने सड़कों, भवनों के मरम्मत नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि लोक निर्माण विभाग अन्य निर्माण एजेंसियों की मातृ विभाग होती है। आपके कार्यों का अन्य विभाग अनुसरण भी करते हैं। पीडब्लयूडी वाले ही लापरवाही करेंगे तो दूसरे विभाग और लापरवाही करेंगे। कलेक्टर ने नेशलन हाइवे के अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि संबंधित सड़कों की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराए और नेशनल हाइवे में आकर जुड़ने वाले ग्रामीण सड़कों के पास संकेतक सहित अन्य सूचना बोर्ड लगाए। उन्होंने गृह निर्माण मण्डल, लोक स्वास्य यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना, सेतु विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की और कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे।

ठेकेदारों पर नियंत्रण ही नहीं आपका

कलेक्टर ने जल संसाधन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए लाइनिंग, बरॉज सहित अन्य कार्यों में समय सीमा पार हो जाने के बाद भी लंबित रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यपालन अभियंता से कहा कि किसी कार्य को पूरा कराने की समय सीमा होती है। कई कार्यों में समय-सीमा इतना ज्यादा हो गया है, लेकिन कार्य अधूरा ही है। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी इंजीनियर और जानकार हो। कार्य कब तक पूरा कराना है। यह जानते हो। किसी भी कार्य को लेने के लिए ठेकेदार निविदा भरता है। उन्हें भी समय की जानकारी होती है। यदि किसी कार्य में अधिक समय लगने की संभावना है तो, अधिक समय डालिए, लेकिन टेंडर होने के बाद कोई बहानाबाजी नहीं चलना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि सरकारी काम को टालने का काम नहीं चलेगा। ऐसा लगता है कि आपका ठेकेदारों पर नियंत्रण नहीं है। यदि वे कार्य नहीं कर रहे हैं तो ब्लैकलिस्ट करिये। आप स्वयं भी लापरवाही मत करिये।

आप बैठक ही नहीं लेते, इसलिए कार्यों में प्रगति नहीं

कलेक्टर ने आरईएस के कार्यों की समीक्षा में पाया कि अधिकांश कार्यों का समय पर मूल्यांकन, तकनीकी प्रांक्कलन नहीं हो पा रहे हैं। सांसद, विधायक मद, प्राधिकरण के अलावा 15 वें वित्त, डीएमएफके कार्य सहित समग्र शिक्षा, शिक्षा मद आदि के कार्यों में प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने जब अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा कब-कब किए जाने की जानकारी मांगी तो वे ठीक से जवाब न दे सकें। कलेक्टर ने कहा जब आप लोग जिम्मेदार अधिकारी होकर स्वयं समय पर दफ्तर नहीं आयेंगे और अपने अधीनस्थ अधिकारियों की मीटिंग लेकर योजनाओं, कार्यों की समीक्षा नहीं करेंगे तो कार्यों में प्रगति कहा से दिखेगी? आप लोग के पीछे सरपंच, जनप्रतिनिधि घूम रहे हैं। कोई कार्य समय पर पूरा नहीं हो रहा है। आप लोग हर 15 दिन और एक माह में बैठक लीजिए। मैं अब हर माह आप सभी की बैठक लूंगा।

आप अपना समझ कर काम करायेंगे तो खुशी मिलेगी

निर्माण एजेंसियों की बैठक में कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जहां संबंधित अधिकारियों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की, वहीं उन्होंने अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी और दायित्वों को भी बताया। कलेक्टर ने कहा कि आपकों शासन ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। यह कृषि प्रधान जिला है। यहां विकास की अपार संभावनाएं है। आप यहां के किसानों, गरीबों, मजदूरों और उनके परिवार, स्कूली बच्चों के लिए काम करने आये हो। उनके चलने के लिए अच्छी सड़क, इलाज के लिए अच्छा अस्पताल भवन, पढ़ने के लिए अच्छा स्कूल भवन क्वालिटी के साथ समय पर बना देंगे तो यहां के लोग आपके कार्यों को सदैव याद करेंगे। उन्होंने कहा कि आपके बच्चों को यदि अच्छा स्कूल भवन नहीं मिलेगा। इलाज के लिए अस्पताल भवन, चलने के लिए अच्छी सड़क नहीं मिले तो कैसा लगेगा? आप यहां है तो इस जिले को अपना मानिए। यहां के लोगों को अपने घर परिवार का सदस्य मानकर कार्य करेंगे तो कार्य में प्रगति दिखेगी ही और आपको खुशी भी मिलेगी।

न्यूज गैलरी

129 स्कूल भवनों की होगी मरम्मत, राशि जारी

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के 129 स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल द्वारा 95 लाख 94 हजार 400 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति राशि जारी की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूल भवनों के मरम्मत के लिए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए नगर पालिका अधिकारियों को राशि जारी किये गये हैं। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत 28 स्कूल, अंतागढ़ के 26 स्कूल, दुर्गूकोंदल के 03 स्कूल, नरहरपुर विकासखण्ड के 12 स्कूल, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 24 स्कूल और कांकेर विकासखण्ड के 15 स्कूलों की मरम्मत के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को राशि जारी किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कांकेर अंतर्गत 13 स्कूल, नगर पंचायत अंतागढ़ के 02 स्कूल, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अंतर्गत 02 स्कूल, नगर पंचायत चारामा के 01 स्कूल, नगर पंचायत नरहरपुर के 01 स्कूल तथा नगर पंचायत पखांजूर अंतर्गत 02 स्कूलों की मरम्मत के लिए नगर पालिका अधिकारियों को राशि जारी किया गया है तथा स्कूल भवनों की मरम्मत एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

9 अगस्त को राज्यपाल के हाथों सम्मानित किए जाएंगे मेधावी छात्र

नगरी/नवप्रदेश। जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस मंडी प्रांगण नगरी में मनाया जाएगा। आदिवासी समाज के चारों विकासखंड धमतरी, कुरुद, मगरलोड और नगरी में राज्यपाल अनसुईया उइके, आदिवासी समाज के प्रमुखों, विधायक, आदिवासी जनप्रतिनिधि, सामाजिक बंधु, स्कूली छात्रों की उपस्थिति में विशाल आदिवासी समुदाय के सत्र 2021-2022 के प्रतिभावान छात्रों 10वीं 12 वीं में उत्तम अंक अर्जित करने वाले, मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश पाने वाले, अन्य छात्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जैसे खेल, संगीत काष्ट कला, मूर्ति कला, खेती समेत अन्य क्षेत्रों में परचम लहराने वालों को राज्यपाल सम्मानित व पुरस्कृत करेंगी।

विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए भर्ती में उमड़ी भीड़

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड में गुरुवार को कृषि उपज मंडी नगरी में विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार, भुंजिया) के योग्य युवक युवतियों के लिए नौकरी के लिए फॉर्म भरने का विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग्य युवक युवती अपने योग्यता से संबंधित समस्त दस्तावेज जैसे अंकसूची सभी बोर्ड कक्षाओं का जाति, निवास, रोजगार पंजीयन, आधार एवं दो पासपोर्ट साइज साथ लेकर फार्म भरने के लिये लोगों को भीड़ उमड़ पड़ी।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

नगरी/नवप्रदेश। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं रक्तदाताओं को सम्मान किया जाना है जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी 10 से 4 बजे तक का आयोजन किया जाएगा।

हाथी के हमले से मौत, परिजनों को विधायक ध्रुव ने सौंपा चैक

नगरी/नवप्रदेश। हाथी के हमले से 14 मई को सुकमा बाई पति लखमु राम कमार 30 वर्ष निवासी ग्राम पारधी की मौत हो गई थी। गुरुवार को सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने पीड़ित परिवार को वन विभाग की ओर से दी जाने वाली जनहानि क्षतिपूर्ति राशि 5 लाख 75 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। पूर्व में विभाग के द्वारा मृतिका के पति को तत्कालिक आर्थिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए दिए गए थे। मुआवजा राशि देने के दौरान कलेक्टर पीएस एल्मा, वन विभाग के एसडीओ हरीश पाण्डेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

मोहर्रम एवं 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मोहर्रम एवं स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। मोहर्रम एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस.2(घघ), विदेशी मदिरा एफएल.1 (घघ), एफएल.-3 होटल बार, एफएल.-4 क्लब, भंडारण भंडागार को 08 अगस्त 2022 एवं 14 अगस्त को समयावधि पश्चात बंद करने एवं 15 अगस्त को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है।

बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र के खिलाफ सड़क पर उतरी कांग्रेस

सारगढ़/नवप्रदेश। देश में बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने सड़क पर उतर कर शुक्रवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। रायगढ़ जिले के सारंगढ़ में भी ब्लॉक कांग्रेस सारंगढ़, कोसीर, उलखर, बरमकेला के संयुक्त तत्वाधान में भारत माता चौक सारंगढ़ में केंद्र सरकार के विरुद्ध हल्ला बोल करते हुए जेल भरो आंदोलन किया जिसमें कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सूर्य कुमार तिवारी ने कहा कि भाजपा जिस मुद्दे को लेकर सत्ता में आई थी उसकी उपेक्षा की गई। सत्ता में पूर्ण बहुमत से आने के बावजूद अगर भाजपा सरकार विपक्ष या अन्य किसी पर दोष ठहराती है तो यह सरकार की नाकामयाबी है। राशन, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सब मंहगे हैं। महंगाई बढ़ने के कारण कालाबाजारी, भ्रष्टाचार खुलेआम हो रही है। 8 साल का कार्यकाल पूरा होने पर केंद्र के इशारे पर भाजपा मोदी सरकार की उपलब्धियों का ढोल पीट रही है, लेकिन ढोल की पोल जनता के आगे पहले से ही खुल चुकी है। ग्रामीण जिला कांग्रेसाध्यक्ष अरुण मालाकार ने कहा कि ईडी द्वारा राहुल गांधी को भेजे गए समंस झूठ का पुलिंदा है। राहुल के समर्थन में देश के कांग्रेसी उतर गए हैं और समंस का खुलकर विरोध कर रहे हैं। मोदी सरकार कांग्रेस से डर गई है इसलिए वह सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान कर रही है। राहुल गांधी पर फर्जी केस लगाया गया है। मोदी सरकार बौखला गई है। भाजपा द्वारा ईडी का इस्तेमाल बतौर एक ऐसे मशीन गन के तौर पर किया जा रहा है, जो विपक्ष के खिलाफ लगातार आग उगती रहती है। इस मशीन गन का बारूद कभी खत्म नहीं होता। यह सच है कि मोदी सरकार की बौखलाहट है जो कहीं ना कहीं राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने की राजनीति चल रही है। देश में इतनी ज्वलंत और जरूरी मुद्दे हैं लेकिन मोदी उन मुद्दों को छोड़ अलग विचारधारा के लोगों को दबाने का काम कर रहा है। कांग्रेस के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस से हिल गई है। राहुल गांधी के नेतृत्व में सत्य का संग्राम जारी रहेगा। आजादी की लड़ाई के दौरान अंग्रेज भी कांग्रेस की आवाज को दबा नहीं पाए फिर यह सत्ताधारी सरकार कैसे हमारी आवाज को दबाएंगी। मोदी सरकार कायर है जो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। ऐसे लगता जैसे अघोषित आपात काल लगाया है। ऐसे लग रहा है मानो मोदी सरकार कहीं ना कहीं राजनीतिक विरोधियों पर दबाव बनाने की राजनीति चल रही है। ऐसे ओछी राजनीति कांग्रेस कभी नहीं करती। विधायक ने कहा कि लोग पूछेंगे अच्छे दिन कब आएंगे? हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादा का क्या हुआ? ?15 लाख रुपये उनके खाते में कब आएंगे? लोग पूछेंगे महंगाई दूर करने का वायदा कर सत्ता में आई भाजपा मोदी के राज में महंगाई बेतहाशा बढ़ गई? जनता इनका भी जवाब मांगेगी। प्रदर्शन में महेंद्र गुप्ता, मोहन पटेल, अजय बंजारे, पुरुषोत्तम साहू पार्षद गण के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

नगर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। स्वतंत्रता के 75 में वर्षगांठ पर पूरे भारत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। सिहावा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बस्तर महाराजा कमल चंद भंजदेव द्वारा दंतेश्वरी सभा हाल नगरी में भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। भंजदेव द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को हर घर तिरंगे लगाकर मनाना है। 13 से 15 अगस्त तक सभी घर में तिरंगा फहराना है और सभी नागरिकों को अपने फेसबुक प्रोफाइल में तिरंगा लगाना है। इसके बाद राजवाड़ा से बजरंग चौक होते हुए शहीद स्मारक शासकीय अस्पताल के पास तक पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला धमतरी संगठन प्रभारी नीलू शर्मा, जिलाध्यक्ष शशि पवार, सिहावा विधानसभा प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा और जिला तिरंगा यात्रा प्रभारी पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, राजेंद्र गोलछा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा महामंत्री रामगोपाल साहू, दुर्गेश गंभीर, अनिरुद्ध साहू, युवा मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य संजय शांडिल्य, देवेंद्र प्रजापति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने थाना बलौदा का किया आकस्मिक निरीक्षण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के गुण्डा एवं बदमाशों पर सतत् निगरानी रखने हेतु हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान थाने में लंबित अपराधों की समीक्षा की गई एवं प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा आरोपी को गिरफ्तारी कर अभियोग पत्र न्यायालय में समय पर पेश करने हेतु हिदायत दी गई। महिला संबंधी अपराधों मे तथा सायबर संबंधी अपराधों में जागरूकता लाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारी/कर्मचारियों को थाना आने वाले व्यक्तियों से शिष्टतापूर्ण व्यवहार करने एवं उनकी फरियाद को सुनकर त्वरित रूप से निराकरण करने हेतु समझाईश दी गई। मालखाना, जरायम, रिमाण्ड तख्ती, कोर्ट आरक्षक रजिस्टर का अवलोकन किया गया एवं सभी रजिस्टरों को दुरूस्त रखने हेत आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाना परिसर का भ्रमण कर थाना परिसर के भ्रमण के दौरान विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था करने एवं थाना परिसर को सुसज्जित रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। थाना के समस्त स्टाफको साफ सुथरी वेशभूषा धारण करने, अनुशासन में रहने एवं अच्छे आचरण का प्रदर्शन करने हेतु हिदायत दी गई है। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक विवेक पांडेय, धाना प्रभारी बलौदा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग रायपुर (छ.ग.)
कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बीजापुर (छ.ग.)
मेनवल पद्धति निविदा आमंत्रण

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2022 — बीजापुर, दिनांक / / 2022

निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं सक्षम निविदाकारों से प्रपत्र फार्म (बी) निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण कार्यालय कार्यपालन, अभियंता जल संसाधन विभाग बीजापुर में (अवकाश दिनांक को छोड़कर) दिनांक 14.08.2022 तक विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 15.08.2022 सायं 5.00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/ कार्यालय में उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। निविदाकारों की निविदाएं दिनांक 18.08.2022 अपरान्ह 3.00 बजे कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बीजापुर (छ.ग.) में खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाखों रुपए में	बयाने की राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्यावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	सकनापल्ली तालाब का गहरीकरण कार्य।	26.65	26650.00	750.00	''डी'' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत	कार्य आदेश से 6 माह (वर्षा ऋतु सहित)
2	जल्लावागु व्यपवर्तन योजना का मरम्मत कार्य।	23.89	23890.00	750.00	''डी'' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत	
3	मट्टीमारका स्टापडेम का मरम्मत कार्य।	13.56	13560.00	750.00	''ई'' या उच्च श्रेणी में पंजीकृत	

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बीजापुर

ये तो गजब हो गया! गबन का आरोपी जांच दल में शामिल, विरोध पर हटाया

अधिकारियों के सामने ही सचिव नहीं सरपंच से की ऊंची आवाज में बात

सारंगढ़/नवप्रदेश। विकासखंड सारंगढ़ के सबसे बड़े पंचायत ग्राम पंचायत गुढ़ियारी जिसमें दलित महिला सरपंच हेमलता अरिल्ले द्वारा सारंगढ़ एसडीएम, जपं सीईओ सारंगढ़ एवं कलेक्टर को शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत गुढ़ियारी के सचिव दौलत राम जयसवाल ने उन्हें धोखे में रखकर लगभग 43 लाख रुपए का गबन किया है। शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे अधिकारी जहां जिस सचिव के ऊपर गबन का आरोप है उसी को जांच में शामिल किया गया था। जहां ग्राम पंचायत गुढ़ियारी के ही एक व्यक्ति द्वारा सचिव को जांच दल में शामिल किए जाने की आपत्ति की तब कहीं जाकर उसको जांच दल से हटाया गया। इतना ही नहीं जांच से बौखलाए सचिव ने जांच अधिकारियों के सामने ही महिला सरपंच से ऊंची आवाज में बात करते हुए मामले में खुद को पाक साफ बताने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच हमारी निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और हमारे ग्राम की प्रथम नागरिक हैं। इसलिए जांच अधिकारियों के सामने ही इस तरह से सरपंच के साथ व्यवहार करना उचित नहीं है। तब जांच अधिकारियों ने सचिव को विनम्रता से पेश आने की हिदायत दी।

जला स्तरीय शिकायत समिति की बैठक 8 को

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम- 2013 की धारा -06(1) अंतर्गत जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की बैठक 08 अगस्त को दोपहर 12 बजे राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री शशिकांता राठौर की कार्यालय में होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

न्यायालय तहसीलदार (नजूल) कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202207140100034/ अ-41/2021-22 ग्राम कांकेर तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती आशा आसरानी पति विशनदास, विशनदास आसरानी पिता श्रीचंद आसरानी दोनों जाति क्षत्रिय (सिंधी) निवासी मकान नं. 50 मांझापारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम कांकेर प.ह.नं. 24 तहसील कांकेर खसरा नं. 15001/58 रकबा 0.0137 हेक्टेयर या 1480 वर्गफुट परिवर्तित लगान 296.00 रुपए है को रूपयों की आवश्यकता होने पर अनावेदिका क्रेता श्रीमती गीता आसरानी पति संजय आसरानी जाति क्षत्रिय (सिंधी) निवासी मकान नं. 46 वार्ड नं. 11 मांझापारा कांकेर तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 12.58.000.00 (बारह लाख अन्ठावन हजार) रुपए में विक्रय करने अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो अ.वि.अ. (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति पेश करता है तो स्वयं या आममुख्त्यिारनामे से दिनांक 22.08.2022 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय में पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202207140400025/ अ-6/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गोदावरी साहू पति सुदर्शन साहू जाति तेली निवासी ए/3 एम.एल. नरेटी गली, लोकमान्य तिलक वार्ड क्र. 37, 5 वी, बी. एन. सी. ए.एफ. कंगोली जगदलपुर तह. जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2+3/29 क्षेत्रफल 21365.90 वर्गमीटर खाली जगह वार्षिक भू भाटक 59814.00 रु. सालाना श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रताप देव, ना.बा. सूर्याक्षी देवी, ना.बा. सूर्यादित्य प्रताप देव पि. स्व. सूर्यप्रताप देव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में से भूखंड क्र. 06 भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2/29 प्लाट नं. 3 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 181.26 वर्गमीटर या 1950.37 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 400.00 रु. को कीमती 13,65,260.00 रु. (तेरह लाख पैंसठ हजार दो सौ साठ रुपए) में क्रय कर दिनांक 13.05.2022 को उप पंजीयन कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किए जाने छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202207140400025/ अ-6/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गोदावरी साहू पति सुदर्शन साहू जाति तेली निवासी ए/3 एम.एल. नरेटी गली, लोकमान्य तिलक वार्ड क्र. 37, 5 वी, बी. एन. सी. ए. एफ. कंगोली जगदलपुर तह. जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं 2+3/29 क्षेत्रफल 21365.90 वर्गमीटर खाली जगह वार्षिक भू भाटक 59814.00 रु. सालाना श्रीमती त्रिपुरेश्वरी देवी पति स्व. उदय प्रताप देव, कु. अनुराधा देवी, आदित्य प्रताप देव, अश्विनी प्रताप देव पिता उदय प्रताप देव, राजेश्वरी देवी पति सूर्य प्रताप देव, ना.बा. सूर्याक्षी देवी, ना.बा. सूर्यादित्य प्रताप देव पि. स्व. सूर्यप्रताप देव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि में से भूखंड क्र. 05 भूमि शीट नं. 11 सी, प्लाट नं. 2/29 प्लाट नं. 3 शामिल नं. में से क्षेत्रफल 181.26 वर्गमीटर या 1950.37 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 400.00 रु. को कीमती 13,65,260.00 रु. (तेरह लाख पैंसठ हजार दो सौ साठ रुपए) में क्रय कर दिनांक 13.05.2022 को उप पंजीयन कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किए जाने छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पेश किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर

आमजनों तक नागरिक सेवाओं को पहुंचाने किया प्रयास : मुख्यमंत्री

- अवैध निर्माण के नियमितीकरण की 25 प्रतिशत की राशि निकायों को देने की घोषणा
- मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार को शहर के सुभाष स्टेडियम में आयोजित मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी विकास की बराबर चिंता की है। आम नागरिकों तक सेवाओं को पहुंचाने के लिए कई सफल योजनाएं संचालित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को आय, जाति, निवास, शादी का रजिस्ट्रेशन जैसे कागजों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, इसके लिए हमने मितान योजना शुरू की हैं। अब इनके जैसे 13 सेवाएं लोगों को घर बैठे मिल रही है। मुख्यमंत्री रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आम जनों की समस्याओं को जानने और उनके मौके पर ही निराकरण के अभियान की भी खुलकर तारीफ की। कार्यक्रम में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों से भी बात की। कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेश तिवारी, छत्तीसगढ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शर्मा, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे सहित कलेक्टर सर्वेश्वर भुरे, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी भी शामिल हुए।

साढ़े 23 हजार का हुआ निराकरण : महापौर ढेबर ने कहा कि 35 दिन शहर के हर दो वार्डों में नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों ने शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 28 हजार 059 आवेदन मिले, जिनमें से 23 हजार 582 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया। महापौर ने बताया कि शेष आवेदनों का परीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इन शिविरों में 6 हजार 567 आय प्रमाण पत्र, 3 हजार 164 आयुष्मान कार्ड, एक हजार 370 ई-श्रमिक कार्ड, एक हजार 082 आधार कार्ड, 896 निवास प्रमाण पत्र, 873 राशन कार्ड, 871 जाति प्रमाण पत्र बनाकर शिविर स्थल पर ही लोगों को दिए गए। महापौर ने बताया कि वार्डवार इन शिविरों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 5 करोड़ रूपए तक के ऋण स्व-रोजगार के लिए दिए गए और लोगों की मांग पर मूलभूत सुविधाओं के लिए एक करोड़ रूपए से अधिक कामों के लिए स्वीकृति भी शिविरों में दिए गए।

राजधानी को हमारी सरकार ने टैंकर मुक्त बनाया : मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले नगर निगम क्षेत्र में पानी की सप्लाई टैंकरों से होती थी। प्रदेश की राजधानी की इस दशा को हमारी सरकार ने सुधारा है और राजधानी को टैंकर मुक्त बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीने के पानी की बात हो या साफ-सफाई की या फिर शहरवासियों के रोजगार और सुख सुविधा की, सभी के लिए सरकार नगर निगम के साथ तेजी से प्रयास कर रही है। बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में अभी-अभी 104 करोड़ रूपए की लागत से नया जल शोधन संयंत्र शुरू हुआ है।

स्कूल खोलने मिले 10 हजार से अधिक आवेदन

कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए शिविरों में सबसे अधिक लगभग 10 हजार से अधिक आवेदन केवल स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस योजना की लोकप्रियता इतनी है कि हर व्यक्ति, जनप्रतिनिधि अपने वार्ड में स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू कराकर अपने बच्चों को उसमें पढ़ाना चाहता है। इस पर मुख्यमंत्री अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल केवल स्कूल नहीं है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों के सपनों को साकार देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इन स्कूलों से एक ओर जहां पालकों की गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा फीस के रूप में खर्च होने से बच रहा है, वहीं बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बच्चों का भविष्य भी गढ़ा जा रहा है।

पुरस्कार मिलने पर जताई प्रसन्नता

मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम सहित पूरे प्रदेश के नगर निकायों को स्वच्छता के क्षेत्र में भारत सरकार से मिले राष्ट्रीय पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्षदों, अधिकारियों की मेहनत, स्वच्छता दीदीयों के पसीने और जन सहयोग से छत्तीसगढ़ को लगभग 60 से अधिक पुरस्कारों से नवाजा गया। यह हर छत्तीसगढ़िया व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। उन्होंने रायपुर नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार छठवें नम्बर से पहले नम्बर पर लाने के लिए प्रयास करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की धन्वंतरी योजना, गरीबों की इलाज के लिए 5 लाख रूपए तक की डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और गंभीर बीमारियों के लिए 20 लाख रूपए तक की सहायता वाली मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में भी बताया।

बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक करने गांव-गांव निकले 28 रथ

- महिला एवं बाल विकास मंत्री भेंड़िया ने रथों को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना
- वजन त्यौहार में 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर वजन कराने की अपील की

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने आज रायपुर के फ रॅस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास कार्यालय से वजन त्यौहार में जनजागृति के लिए 28 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरुकता रथ सभी 28 जिलों में 'जम्मो लईका होही खुशहाल चलव मनाबो वजन त्यौहार' सूत्र वाक्य के साथ 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर वजन कराने के लिए प्रेरित करेंगे और पोषण का महत्व समझाएंगे। श्रीमती भेंड़िया ने अपील की है कि सभी लोग वजन त्यौहार के दौरान अपने 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी लाकर उनके कुपोषण स्तर की जांच कराएं। इससे हम बच्चों को एक स्वस्थ और खुशहाल भविष्य दे सकेंगे। प्रदेश में एक अगस्त से वजन त्यौहार शुरू हो गया है। यह त्यौहार 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान आंगनबाड़ियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर का आंकलन किया जा रहा है। प्रदेशव्यापी यह अभियान बच्चों में कुपोषण मुक्ति के लिए आगामी कार्ययोजना बनाने में सहायक होगा। वजन त्यौहार के दौरान जागरूकता रथ सभी जिलों और गांव-गांव तक पहुंचेंगे। स्थानीय स्तर पर ये रथ लोगों के इकट्ठा होने की जगहों जैसे हाट बाजारों, आयोजन स्थलों में जाकर उन्हें पोषण के महत्व और कुपोषण से होने वाली बीमारियों और समस्याओं के बारें में ऑडियों संदेश और पोस्टर के माध्यम से समझाएंगे। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर उन्हें किया याद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री और लोकप्रिय नेता स्वर्गीय महेंद्र कर्मा की 5 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने उन्हें याद करते हुए कहा है कि महेन्द्र कर्मा को बस्तर टाइगर कहा जाता था, क्योंकि आदिवासियों के हक की हर लड़ाई में वे दमदारी से अपनी बात रखते थे। स्वर्गीय श्री कर्मा ने जीवन के अंतिम क्षण तक आदिवासियों की बेहतरी के लिए संघर्ष किया। वे सिर्फ एक राजनेता नहीं थे, बल्कि एक बेहद संवेदनशील, जागरूक और भावुक इंसान भी थे। उनके जैसा निःस्वार्थ व्यक्ति और पारदर्शी मित्र मुझे मिला यह मेरा सौभाग्य था। झीरम घाटी नक्सल हमले में उनकी शहादत छत्तीसगढ़ भुला नहीं पाएगा। श्री बघेल ने कहा कि कर्मा जी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता और मंत्री के रूप महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली और छत्तीसगढ़ के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। श्री महेन्द्र कर्मा की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए राज्य सरकार ने बस्तर विश्वविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर किया और उनके नाम पर प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना प्रारंभ की गई है। श्री बघेल ने कहा कि कर्मा जी के विचार और जीवन मूल्य हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

पहले अपहरण की कोशिश फिर बच्चे को मारा ब्लेड

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक शख्स ने 7 साल के बच्चे के गले पर ब्लेड से वार कर दिया। जख्म गहरा होने की वजह से बच्चे के गले से खून की धार निकल पड़ी। लहूलुहान हालत में बच्चा घर पहुंचा तो परिजन डर गए, हड़बड़ा कर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया, फिलहाल बच्चे का इलाज जारी है। यह वारदात रायपुर के संजय नगर झंडा चौक इलाके की बताई जा रही है। 7 साल का आदिल अशरफ अपने दोस्त से मिलने गया था। घरवालों ने बताया कि बच्चा अक्सर शाम के वक़्त साइकिल से घूमने निकल जाया करता था। बुधवार रात को भी वह ऐसे ही निकला था। इसी समय शेख कुर्बान नाम के युवक ने उसे पकड़ लिया और अपने साथ ले जाने की कोशिश करने लगा। उसने शोर मचाने पर बच्चे को मारने की धमकी दी। पहले तो आदिल डरा लेकिन इसके बाद चिल्लाने लगा। जब वह चिल्लाया तो उसने उसके गले पर हमला कर दिया और लहूलुहान अशरफ को छोड़कर कुर्बान भाग गया। बताया जा रहा है कि शेख कुर्बान मूलतः पश्चिम बंगाल के हुगली जिले का रहने वाला है, पिछले कुछ वक्त से इसी इलाके में किराए के मकान पर रह रहा था। फिलहाल बदमाश फरार है। पुलिस उसके क्राइम रिकॉर्ड को भी खंगाल रही है। बच्चे पर हमले के बाद आपाधापी की स्थिति एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसमें भागता हुआ शेख कुर्बान दिख रहा है। पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

राजधानी में होगा 'द जंगल रंबल' विजेंदर सिंह का सुले के साथ मुकाबला

रायपुर/नवप्रदेश। 'द जंगल रंबल' विजेंदर सिंह का मुकाबला घाना के एलियासु सुले के साथ रायपुर के इंडोर स्टेडियम में 17 अगस्त होने जा रहा है। आयोजन को लेकर रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव गुरूचरण सिंह होरा ने राजधानी में होने जा रहे पहला प्रोफेशलन बाक्सिंग फाईट प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के दिशा निर्देश में पेशेवर भारतीय मुक्केबाजी विजेंदर सिंह 'द जंगल रंबल' में घाना के एलियासु सुले का सामना करने के लिए तैयार है, जो रायपुर में आयोजित पहली पेशेवर मुक्केबाजी लड़ाई है। आगामी 17 अगस्त को बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में शाम 6:30 बजे से रायपुर में यह पहला पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला होगा। मुख्य कार्यक्रम रात 8:30 बजे से शुरू होगा। टिकट की बुकिंग BOOK MY SHOW से 5 अगस्त को टिकट की बिक्री प्रारम्भ हो पाएगी। टिकट का मूल्य 499 रुपए से प्रारंभ होगी। रायपुर में इस तरह के ऐतिहासिक आयोजन मुख्यमंत्री की मदद और समर्थन से ही संभव हुआ है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पूरे देश के प्रशंसक विजेंदर के मुकाबले को देख सकें, वायाकम 18 ने स्पोर्ट्स 18 खेल और वूट पर प्रसारण के लिए इस कार्यक्रम के साथ हाथ मिलाया है।

गोधन योजना की मॉनिटरिंग करने गठित होंगी समितियां

रायपुर/नवप्रदेश। गौठानों में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर की खरीदी तथा उससे जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए संभाग स्तरीय समितियां गठित किए जाने का आदेश विशेष सचिव कृषि एवं राज्य नोडल अधिकारी, गोधन न्याय योजना द्वारा जारी किया गया है। संभाग स्तर पर गठित की जाने वाली समिति के समन्वय संभागीय संयुक्त संचालक कृषि होंगे। इस समिति के सह-समन्वयक की जिम्मेदारी कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ वैज्ञानिक को सौंपी गई है। जिला स्तर पर उप संचालक कृषि, संयुक्त संचालक एवं उप संचालक पशुधन विकास तथा विकासखण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे। यह समिति प्रत्येक मौसम में क्रय किए जा रहे गोबर, क्रय गोबर के 15-20 दिन बाद उसमें नमी का आंकलन, जैविक खाद बनाने हेतु वर्मी टांके में गोबर को डाले जाने से पूर्व उसमें नमी सहित जैविक खाद तैयार होने तक क्षरण एवं स्थानीय व्यवस्थाओं का आंकलन कर राज्य स्तरीय तकनीकी सलाहकार समिति को प्रदान करेगी।

गतिशक्ति योजना की स्टीयरिंग कमेटी की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के ग्रामो के कैडेस्ट्रल नक्शों के जियोरिफ्रेसिंग किए जाने के संबंध में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नक्शो के जियोरिफ्रेसिंग कार्य के लिए तकनीकी एजेंसी नियुक्त करने, वित्तीय व्यवस्था, अभिलेख संधारण सहित अन्य तकनीकी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग रेणुजी पिल्ले, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, राजस्व विभाग के सचिव एन.एन.एक्का, नोडल अधिकारी गतिशक्ति योजना आर.संगीता, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बीमार पिता को बेटे ने टंगिया से शरीर पर किए कई वार, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक युवक ने अपने पिता का खून कर दिया। बुधवार को वारदात को अंजाम देने के बाद कुछ देर लाश के पास बैठा रहा। इसके बाद रिश्तेदारों को पिता की मौत की झूठी कहानी सुना दी। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तब जाकर युवक ने अपना गुनाह कबूलते हुए कहा कि, हां मैंने ही अपने पिता को मारा।यह वारदात नरदहा इलाके की है। अशोक वर्मा (50) बीते चार-पांच सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। अक्सर घरवालों से उनकी बहस हो जाया करती थी। 21 साल का बेटा देवेंद्र वर्मा भी अपने पिता से अक्सर झगड़ा करता था। बार-बार पिता की अजीब बातें उसे पसंद नहीं आती थीं। पहले ही दिमागी रूप से परेशान चल रहे पिता ने बेटे को फिर से जली कटी बातें सुना दीं। देवेंद्र को यह बात पसंद नहीं आई। उसने पिता के साथ बहस बाजी शुरू कर दी, इस कदर अपना आपा खो दिया कि पिता को धक्का दे दिया । पिता ने विरोध करना चाहा तो पास रखी टांगिया उठाकर अपने पिता के सिर पर एक के बाद एक कई वार कर दिए।

बेरहमी से उसे मारा जिसने जन्म दिया

हत्याकांड की जांच कर रही टीम ने बताया, टंगिया से पहला वार करने के बाद अशोक के सिर से निकला खून बिस्तर पर छटक पड़ा। युवक नहीं रुका उसने ताबड़तोड़ कई बार अपने पिता के सिर पर टंगिया से किए। चेहरे पर इतने जख्म हुए की होठ कटकर अलग हो गया, नाक टूट गई, एक आंख भी फूट गई। सिर का आधा हिस्सा बुरी तरह से कट गया और पूरे बिस्तर पर खून बिखर गया। फॉरेंसिक टीम बारीकी से हमले से जुड़े सबूत जुटा रही है।

देश में राष्ट्रवाद का उत्साह, कांग्रेस में पसरा है मातम : मूणत

- हर अच्छे काम का विरोध ठीक नहीं : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व राज्य के पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर आजादी के अमृत महोत्सव पर देश की जनता हर घर तिरंगा फहराने उत्साहित है। मोदी जी के ने इस आव्हान से सड़क पर छोटी छोटी दुकान लगाकर रोजी रोजगार कमाने वाला वर्ग तक इस अभियान में शामिल हो गया है। जबकि राजनीतिक इतिहास में दफ्न होने की स्थिति में पहुंच चुकी जर्जर कांग्रेस में इस ऐतिहासिक अवसर पर भी राजनीतिक मातम पसरा हुआ है। देश की सुरक्षा, संरक्षा और विकास के साथ ही जनता के हित के हर अच्छे काम में अड़ंगा लगाने वाली कांग्रेस हर घर तिरंगा अभियान में भी अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय देने से बाज नहीं आ रही। राष्ट्रपर्व पर ओछी राजनीति कांग्रेस ही कर सकती है और वह यही कर रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने कहा कि विघ्न संतोषी, देश विरोधी कांग्रेस हमेशा राष्ट्रहित के काम में रोड़ा अटकाती रही है। कांग्रेस ने कभी देश की सेना को सक्षम नहीं होने दिया। हथियारों की खरीद में दलाली खाती रही। रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार करती रही। सेना की जरूरतें पूरी नहीं होने दीं और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को और अधिक मजबूत करने राफेल सौदे को अंजाम दिया तो कांग्रेस के सीने में असहनीय पीड़ा हो गई। हर स्तर पर कोशिश की कि सेना को राफेल न मिलने पाये। सेना के पराक्रम के सबूत मांगने तक माँगें। चीन से गतिरोध की स्थिति में अपनी ही सरकार को सरेंडर बता दिया कांग्रेस ने।

सीएम भूपेश और सिंहदेव की जंग में जनता की जान पर बन आई : केदार

- बस्तर के आदिवासी मर रहे हैं, स्वास्थ्य मंत्री लापता : भाजपा

जगदलपुर। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व राज्य के पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर के सुकमा जिले के कोंटा इलाके के रेगड़गट्टा गांव में 61 लोगों की अज्ञात बीमारी से मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। छत्तीसगढ़ आज स्वास्थ्य के मामले में 1990 के पहले वाले दौर में पहुंच गया है। हर वक्त खोखले दावे करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताएं कि उनके होनहार स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव कहां हैं? वे यह भी बतायें कि कांग्रेस के बस्तर क्षेत्र के अपने ही इलाके में क्या करते रहे और इतनी बड़ी संख्या में लोग काल के गाल में समा गए। इन आदिवासियों की मौत का जिम्मेदार कांग्रेस के नुमाइंदे और कांग्रेस की सरकार नहीं तो और कौन है?

2500 रु बेरोजगारी भत्ता न देने के विरोध में भाजयुमो बिरगांव मंडल ने लगाया बेरोजगारी टेंट

रायपुर/नवप्रदेश। भाजयुमो बिरगाँव मंडल में भूपेश सरकार द्वारा युवाओं को 2500 रु बेरोजगारी भत्ता न देने के विरोध में आज आडवानी स्कूल के सामने बेरोजगारी टेंट लगाकर युवाओं का बेरोजगारी फार्म भरवाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नंदे साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्ष 2018 में युवाओं और आम जनता से झूठा वादों से ठगकर सरकार बनाये थे। कांग्रेस ने अपने जन-घोषणा पत्र में युवाओं को 2500 रु बेरोजगारी भत्ता एवं नौकरी देने का वादा किये थे, परंतु आज 45 महिने की सरकार में एक भी रुपया बेरोजगार युवाओं के खाते मे नहीं डाला गया है ये एक प्रकार से प्रदेश के युवाओ के साथ छलावा है। जिसका मुहतोड़ जवाब इस प्रदेश के युवा आगामी विधानसभा चुनाव मे इस सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत एवं सम्मानित

- राज्य के तीन उत्कृष्ट गौठानों को दी जाएगी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि
- प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किए जाने के लिए कृषि विभाग द्वारा चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय समारोह में 50-50 हजार का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है।

100 अंक निर्धारित किए गए

कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठान चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर ऋय एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं। बुनियादी ढांचा के अंतर्गत गौठानों में पानी, विद्युत, शेड, कोटना निर्माण, सोलर पम्प, फेंसिंग सहित जियो टैगिंग के लिए अधिकतम 7 अंक निर्धारित किया गया है। गौठानों में गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन के अंतर्गत गोबर की सक्रिय खरीदी, मात्रा, सक्रिय गोबर विक्रेता, वर्मी टांकों की उपलब्धता, गोबर से कम्पोस्ट रूपांतरण का अनुपात, उत्पादन के विरूद्ध वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय एवं मानक नमूनों के प्रतिशत के लिए अधिकतम 71 अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों तथा महिला समूह के प्रति सदस्य की औसत आय पर अधिकतम 12 अंक तथा स्वावलंबी गौठान द्वारा गोबर ऋय हेतु किए गए भुगतान की किश्त संख्या के लिए अधिकतम 10 अंक निर्धारित है।

जिला व राज्य स्तर पर समिति गठित

उत्कृष्ट गौठान चयन के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर समिति गठित की गई है, जिसके द्वारा उत्कृष्ट गौठानों का चयन गोधन न्याय योजना पोर्टल/जीमैप में प्रवेष्टि आंकड़ों के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुरूप करके निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा। जिला स्तर पर एक गौठान को पुरस्कृत करने हेतु प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से एक-एक उत्कृष्ट गौठान में से दो उत्कृष्ट गौठानों का चयन कर जिला स्तरीय समिति द्वारा निरीक्षण एवं मूल्यांकन कर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित उत्कृष्ट गौठान का राज्य स्तर पर चयन होने की स्थिति में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट गौठान जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए पात्र होंगे।

गठित समिति करेगी मूल्यांकन

राज्य स्तर पर तीन गौठानों को पुरस्कृत करने के लिए जिला स्तर पर चयनित दो-दो उत्कृष्ट गौठानों के नाम को कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संभाग स्तर पर संयुक्त संचालक कृषि की अध्यक्षता में गौठानों के निरीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु गठित समिति को भेजा जाएगा। संभाग स्तरीय समिति द्वारा कृषि संचालनालय को 7 अगस्त तक उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव ही मान्य होंगे। संचालनालय स्तर पर गठित समिति द्वारा संभाग स्तरीय समिति की अनुशंसा से प्राप्त उत्कृष्ट गौठानों में से राज्य स्तर हेतु तीन उत्कृष्ट गौठानों का चयन करेगी और प्रशासकीय अनुमोदन के लिए सूची 8 अगस्त तक शासन को उपलब्ध कराएगी।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने आईआईएससी बैंगलोर के साथ एमओयू पर दस्तखत किए

- एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने आईआईएससी बैंगलोर के साथ एमओयू पर दस्तखत किए

बैंगलुरू। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफसाईंस (आईआईएससी) के साथ मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के मुताबिक, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने बागची-पार्थसारथी हॉस्पिटल, आईआईएससी बैंगलोर के तीन विंग्स का सहयोग करने के लिए 107.76करोड़ रु. का योगदान देने का संकल्प लिया है। बैंक का सहयोग प्राप्त करने वाले ये तीन विंग हैं - कार्डियोलॉजी विंग, रेडियोलॉजी विंग और इमरजेंसी मेडिसीन विंग।

आईआईएससी बैंगलोर अपने बैंगलुरू परिसर के अंदर एक पोस्टग्रेजुएट मेडिकल स्कूल के साथ एक मल्टी-स्पेशियल्टी, नॉट-फॉर-प्रॉफिट, 832-बेड वाला हॉस्पिटल, बागची-पार्थसारथी हॉस्पिटल स्थापित कर रहा है। यह हॉस्पिटल साल 2024 के अंत तक पूरी तरह से फंक्शनल हो जाएगा और एमडी/पीएचडी विद्यार्थियों के पहले बैच का प्रवेश साल 2025 में लिया जाएगा।

एचडीएफसी बैंक ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा का ढांचा मजबूत करने के लिए पहली बार आईआईएससी बैंगलोर के साथ गठबंधन किया है। पहले पाँच सालों में आईआईएससी बैंगलोर के साथ एचडीएफसी बैंक की साझेदारी द्वारा निम्नलिखित परिवर्तन आएंगे (2025-2029)। कार्डियोलॉजी विंग में आउटपेशेंट सेक्शन में लगभग 1,83,000 मरीज और इन पेशेंट सेक्टर में 18,300 मरीज आएंगे और यहां पर कम से कम 20 सुपर स्पेशियलिस्ट डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

एक्सपायर हो चुके 1216 पैकेट मसाले और खाद्य सामग्री जब्त

■ रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर होटलों की जांच कर रही फूड सेफ्टी विभाग

कांकेर/नवप्रदेश। रक्षा बंधन के त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम लगातार होटलों व दुकानों में दबिश दे रही है। मुहिम के दूसरे दिन टीम ने चारामा के होटलों व किराना दुकानों दबिश देकर जांच पड़ताल की। जिसमें कुछ जगह से मिठाई व खाद्य सामाग्री का नमूना लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया। कुछ दुकानों से एक्सपायरी डेट के 1216 पैकेट मसाले व अन्य खाद्य पदार्थ भी जब्त कर उसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा खुला तेल बेचने वालों दुकानों को नोटिस दी गई है। खाद सुरक्षा अधिकारी विमल सिंह व नमूना सहायक नंद किशोर हिरवानी और टीम द्वारा गुरूवार को चारामा के

होटल एवं किराना दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान दुर्गेश रेस्टोरेंट एवं स्वीट्स से बर्फी, राजा भोजनालय एवं स्वीट्स से मलाई चाप, सुरेश होटल से काजू कतली, जैन किराना से डॉक्टर चॉइस तेल, मनोहर किराना से एबिस राइस ब्रान तेल का नमूना जांच के लिए लिया गया। इन सैंपल को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया।

साढ़े 22 हजार रुपए की एक्सपायरी सामग्री जब्त

वहीं कमल ट्रेडर्स एवं श्रीराम ट्रेडर्स चारामा से हल्दी राम आल इन वन 360 पैकेट, एचएमडी मिर्च पाउडर 120 पैकेट, जेएमडी 144 पैकेट, हल्दीराम रस्क टोस्ट 23 पैकेट, सुरेश गरम मसाला 20 पैकेट, द्धद्बस्र हल्दी पाउडर 60पैकेट, जेएमडी सब्जी मसाला 10 पैकेट, सुरुचि चाट मसाला, हींग 65 पैकेट, चिकन मसाला 40 पैकेट, किचन किंग मसाला 32 पैकेट, हल्दीराम पी नट 324 पैकेट, ब्रुक ब्रांड ताजा चाय 11 पैकेट, हल्दीराम गुलाब जामुन 4 डिब्बा, मानसी पापड़ 3 पैकेट समेत 1216 पैकेट कीमत 22749 रुपए की एक्सपायरी सामग्री और चारामा बाजार में खुले में तेल बेचते रोहित देवांगन से 15 लीटर, और इरफ ान रजा से 10 लीटर तेल कुल 25 लीटर तेल जब्त कर नोटिस जारी किया गया।

कृष्ण कुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाने की मांग

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी कृष्ण कुंज योजना के तहत जिला मुख्यालय सूरजपुर के वार्ड 04 स्थित वन भूमि पर किये जा रहे पाथ-वे निर्माण कार्य की चौड़ाई कम होने को लेकर आज नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में पार्षद बिरेन्द्र बंसल, विधायक प्रतिनिधि प्रवेष गोयल, पुष्पलता गिरधारी साहू, संजय जैन, मंजू गोयल समेत अन्य ने कलेक्टर इफ्फत आरा, संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी से मुलाकात की और उन्होंने पाथवे की चौड़ाई कम से कम 3 मीटर करने की मांग की है। गौरतलब है कि कृष्ण कुंज परिसर में पाथ-वे की चौड़ाई महज 1.8 फि ट प्रस्तावित है। जो उपयोगिता की दृष्टि से बहुत ही कम है। जिस उद्देष्य से पाथ-वे का निर्माण कराया जा रहा है। उन उद्देष्यों की पुर्ति के लिए कम से कम 3 से 4 मीटर चौड़े पाथ-वे का निर्माण अत्यंत आवष्यक है। कलेक्टर के नाम सौंपे गये ज्ञापन में समस्त जनप्रतिनिधियों ने कृष्ण कुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग की है। जिले के वन मण्डाधिकारी संजय यादव एवं संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया की निर्माण एजेंसी से उक्त कार्य को कराया जाएगा।

देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

जांजगीर/नवप्रदेश। देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय कचहरी चौक जांजगीर के इंदिरा प्रतिमा प्रांगण में प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी। प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश पैगवार ने कहा कि मोदी सरकार को केवल अपने मित्रों की चिंता है, देश की जनता से उन्हें कोई लगाव ही नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र के संपत्ति को पानी के मोल विक्रय किया जा रहा है, और अपने पूंजीपति मित्रों को मालामाल बना रहे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि देश में तानाशाही राज कर रही है, जनता से मनमाना कर वसूला जा रहा है। नपाध्यक्ष भगवान दास ने कहा कि कांग्रेस का यह संघर्ष सतत जारी रहेगा। जब तक मोदी सरकार को पदच्युत नहीं कर देते हम कांग्रेसी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम को

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, मंडी अध्यक्ष ब्यास कश्यप, देवेश सिंह, महारथी बघेल, हरप्रसाद साहू, विवेक सिसोदिया, ऋषिकेश उपाध्याय, शिशिर द्विवेदी, आभास बोस, हरदेव टंडन ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से संतोष शर्मा पप्पू महाराज, चिंताराम राठौर, शत्रुहन दास महंत, हेमलता राठौर, रामबिलास राठौर, परमेश्वर निर्मले, प्रमोद पाण्डेय, पार्षद दुलौरिन चौरसिया, विष्णु यादव, राकेश कहरा, हाफिस सिद्दीकी, एल्डरमैन शेषनाथ टंडन, मनोज कालू अग्रवाल, दीपक राज आसना, सुखराम गढ़ेवाल, बसंत अग्रवाल, त्रिलोक सिंह पिंकी, गोविंद कश्यप सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे। केंद्र की मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से ऊपजे मंहगाई के विरोध में 134 कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी दी।

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

सूरजपुर/नवप्रदेश। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत सभी घरों तक तिरंगा झंडा फ हराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला भाजपा की बैठक पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृपाल साहू की उपस्थिति में हुई। पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आव्हान कर आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष हर घर तिरंगा फ हराने का लक्ष्य रखा है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान में पूरे उत्साह से जुटें। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए सभी कार्यकर्ताओं को घर घर संपर्क करने की अपील की उन्होंने कहा कि देश भर में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह है तथा छत्तीसगढ़ ने ठाना है हर घर तिरंगा फ हराना है।

अवैध नशीली गोली व सीरप के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। अवैध नशीली दवाई एवं सीरप के तस्करी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफ लता मिली है ज्ञात हो कि थाना बोधघाट को सूचना मिली थी कि किसी व्यक्ति के द्वारा दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर में अवैध नशीली दवाई का संग्रहण एवं तस्करी की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी बोधघाट लालजी सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा बैलाबाजार क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर घेराबंदी कर पकडा गया।

इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थी (64 अ.ज.जा और 36 अ.जा) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से 26 अगस्त तक आवेदन किया गया है।

सागौन तस्करी के मामले को लेकर सीपीआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर/नवप्रदेश। भोपालपटनम नगर के बीचों बीच वेटनरी विभाग की एम्बुलेंस में सागौन की लकड़ी की तस्करी किया जाना जिला प्रशासन व वन विभाग की कुंभकर्णी नींद का जीता जागता उदाहरण है। आये दिन भोपालपटनम क्षेत्र में इमारती लकड़ी की अवैध कटाई, अवैध परिवहन और तस्करों द्वारा तेलांगाना में चोरी से सागौन की बेधड़क बिक्री से जाहिर है कि यहां रेंजर पुष्पेंद्र सिंह बघेल और एसडीओ नीतीश रावटे पूरी तरह विफ ल हैं या यूं कहें इन दोनों अधिकारियों के संरक्षण में पूरा शतरंज का खेल खेला जा रहा है और जिला प्रशासन जिला मुख्यालय में तमाशबीन बना बैठा है। स्थानीय विधायक और सत्ता का संरक्षण प्राप्त है जिनके हौसले बुलंद हैं। इन सभी के ऊपर वन संरक्षण कानून के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। वन विभाग बीजापुर में वनों की रक्षा करने की बजाय वन संपदाओं के दोहक वर्ग की सुरक्षा और पैरवी में लगा है। भोपालपटनम सामान्य वनक्षेत्र और मद्देड बफ़रक्षेत्र में सैकड़ों एकड़ जमीन पर गैर आदिवासी 25 से 50 एकड़ अवैध कब्जा करके बैठे हैं। राजनैतिक दल में बैठे पदाधिकारियों द्वारा वनविभाग को उंगलियों पर नचाया जा रहा है। भोपालपटनम परिक्षेत्र में रेंजर पुष्पेंद्र सिंह और एसडीओ नीतीश रावटे यहां जीहुजूरी करके मोटा माल कमाने में लगे हैं जिसकी वजह से यहां अवैध कटाई, अवैध परिवहन और तेलांगाना व छग के तस्करों के हौंसले बुलंद हैं। दोनो अधिकारियों की निष्क्रियता से बीजापुर के इस वृहद वनक्षेत्र में जंगलों का रकबा घटा है। सीपीआई जिला कमेटी बीजापुर जिला प्रशासन से मांग करती है कि वृक्षारोपण महोत्सव के दिन सागौन तस्करी करते पकड़ाए दोषी वेटनरी उपसंचालक डॉ लल्लन सिंह को तत्काल निलंबित किया जाए। साथ ही भोपालपटनम सामान्य वनपरिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह और एसडीओ नितीश रावटे को तुरंत हटाया जाये।

भाजपा ने बेरोजगारी भत्ता एवं रोजगार देने की मांग

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बेरोजगारी भत्ता एवं बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर भाजयुमो द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किय गया। प्रदेश में बेरोजगारों की दुर्दशा पर भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। संयोगिता सिंह जूदेव ने भूपेश सरकार के नाकामियों को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है, बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। चन्द्रपुर क्षेत्र का विकास

कार्य ठप्प पड़ गया है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि कांग्रेसियों ने गंगा जल लेकर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था और जब सत्ता में आये तो गंगा की सौगंध को भूल गए। इन सभी मुद्दों की लेकर 9 अगस्त को जांजगीर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा और 24 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

8 व 10 को रोजगार पंजीयन शिविर एवं पंजीयन मार्गदर्शन का आयोजन

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से शासकीय आईटीआई जैजैपुर में 08 अगस्त एवं शासकीय आई.टी.आई. डभरा में 10 अगस्त को रोजगार पंजीयन एवं पंजीयन मार्गदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया की आयोजित होने वाले पंजीयन शिविर मे नया पंजीयन एव नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। नया पंजीयन के लिये सभी युवाओं को च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन कराकर सत्यापन हेतु अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता एवं जाति निवास प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। रोजगार पंजीयन का कार्य प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जावेगा। शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक आवेदिका अपने मूल प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड के साथ स्वयं उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

शहीद जवानों की स्मृति में 'पोदला उरस्कना' वृक्षारोपण महोत्सव

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले मे चलाये जा रहे पोदला उरस्कना वृक्षारोपण महोत्सव के तहत 04 अगस्त को थाना क्षेत्रों में स्थापित स्कूल, आश्रम, आंगनबाड़ी, पंचायत आदि स्थानों में शहीद जवानों की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण महोत्सव में स्कूली बच्चें, शिक्षक, सरपंच, ग्रामीण सभी ने हिस्सा लिया। बच्चों द्वारा संकल्प लिया गया कि वे अपने रोपित पौधे को सुरक्षित रखेंगे, उसकी देख रेख करेंगे।

फोटो परिचय पत्र से आधार लिंक के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी

बीजापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग. रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूची में प्रविष्टियों को प्रमाणित करने और त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए पंजीकृत शत-प्रतिशत मतदाताओं से संपर्क कर, आधार संख्या एकत्रित कर अपडेट किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की पहचान स्थापित करना और एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण की पहचान करना है ताकि भविष्य में मतदाताओं को बेहतर चुनावी सेवायें उपलब्ध कराई जा सकें। 1 अगस्त 2022 से आधार एकत्रीकरण का कार्य शुभारंभ किया जा चुका है। फोटो परिचय पत्र से आधार नंबर प्ररुप-6 ख में अपना मोबाईल नंबर रजिस्टर कर लॉगिन कर आधार नंबर का मतदाता परिचय पत्र का लिंक किया जा सकता है। फोटो परिचय पत्र से आधार लिंक किये जाने में कोई भी समस्या आने पर जिला निर्वाचन कार्यालय बीजापुर के सहायक प्रोग्रामर मनीष बुराडे मो.नं.-7587269289, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सुनील कुमार पिल्ले मो.नं.-6260185349, एन्ट्री ऑपरेटर तोकल उदय भास्कर मो.नं.-7067267157 एवं एन्ट्री ऑपरेटर नंदनी देहारी मो.नं.-9399997512 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रथम पेज का शेष

महंगाई, बेरोजगारी और...

बौछार का इस्तेमाल करना पड़ा।

ऐसा सिस्टम बनाया...

खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मोहन मरकाम की अगुवाई में पार्टी के नेताओं ने रायपुर के अंबेडकर चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। इसके बाद सभी नेताओं ने गिरफ्तारी देने राजभवन तक मार्च किया। कांग्रेस ने एक ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से महंगाई की रोकथाम, खाद्य पदार्थों पर जीएसटी को हटाने समेत अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की है।

सीएम ने केंद्र सरकार पर किया हमला : कांग्रेस के राजभवन घेराव कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं,इसी ईंधन से ट्रक भी चलता है और किसान का ट्रैक्टर चलता है। ईंधन महंगा होने से खेती किसानी के काम भी महंगे हो गए हैं, पेट्रोल के भाव बढ़ने से आम आदमी का घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। सीएम भूपेश ने आगे कहा कि देश में महंगाई बढ़ने से व्यापारी, गृहणी, किसान परेशान हैं। मोदी सरकार ने ऐसा सिस्टम बनाया है कि जनता के जेब से पैसा मोदी सरकार के पास जा रहा है।कीमतें बढ़ाकर 28 लाख करोड़ वसूले : मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमते बढ़ाकर 28 लाख करोड़ रुपए वसूल किये हैं। केंद्र सरकार उद्योगपतियों का लाखों करोड़ रुपए कर्ज माफ कर रही है। उन्होंने सरकारी सम्पत्तियों के निजीकरण पर विरोध जताते हुए कहा कि देश में एयरपोर्ट हैं सब बिक रहे हैं, इन्हे कौन खरीद रहा बताने की आवश्यकता नहीं है।

कांवड़ लेकर निकले मुख्यमंत्री...

की और कांवड़ यात्रा की अगुवाई कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने इसके पूर्व मच्छी तालाब हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान सीएम ने कहा कि सावन का यह त्योहार तप, त्याग का त्योहार है, जिसमें कांवड़ यात्रा के रूप में श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने का अवसर मिलता है, यह हमारी संस्कृति का अटूट हिस्सा है। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय भी उपस्थित थे। कांवड़ यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तजन भजन की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए। कांवड़ यात्रा का आयोजन रायपुरा महादेव घाट हटकेश्वर मंदिर तक किया गया।

रेल की बुनियादी परियोजनाओं...

सीमा पर स्थित मुल्लापेरियार बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे लाखों लोगों के जीवन को खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्र में मानसून की बरसात हो रही है और बांध का जलस्तर लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। केंद्र सरकार को बांध की स्थिति देखने के लिए तुरंत एकदम एक दल भेजना चाहिए जिससे स्थिति का आकलन किया जा सके।

बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने कटाई के उपरांत फसलों को बर्बादी रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने में मदद मिलेगी।

भारतीय जनता पार्टी के आदित्य प्रसाद ने झारखंड में घटते भूजल स्तर और सूखे का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में मानसून की बरसात का औसत 50 प्रतिशत रहा है इससे धान की बुवाई मात्र 12 प्रतिशत हो पाई है। इस मसले को राज्य सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। केंद्र सरकार को स्थिति से तैयारी करनी चाहिए।

रायपुर-नांदगांव में ...

दी थी। तब कार्रवाई की जद में स्टील और बिजली उद्योग से जुड़े व्यापारिक समूह थे। आयकर विभाग की टीमों ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में 10 से अधिक ठिकानों और कार्यालयों पर जांच की थी।

कुलगाम में सुरक्षा ...

टीम ने संदिग्ध स्थान की घेराबंदी की, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी , जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

ममता बनर्जी ने पीएम ...

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगी। ममता बनर्जी की यात्रा एक बड़े विवाद के बीच में आई है क्योंकि हाल ही में शिक्षक भर्ती घोटाला में ईडी ममता सरकार में रहे कद्दावर मंत्री और टीएमसी के वरिष्ठ नेता पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इस घटना के बाद ममता सरकार ने केंद्र सरकार पर एजेंसी की शक्तियों का दुरपयोग करने का आरोप लगाया था।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता जिन्होंने पिछले साल नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में भाग नहीं लिया था, के इस बार 7 अगस्त को शामिल बैठक में होने की संभावना है। इस बैठक की अध्यक्षता पीएम मोदी करेंगे।

एक दिन पहले, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने अपनी पार्टी के सांसदों से मुलाकात की और उनके साथ संसद के चल रहे मानसून सत्र और 2024 के लोकसभा चुनाव की राह पर चर्चा की।

सरकार के साथ ...

ने कहा कि जब से नई सरकार आई है, तब से ही न दंपति और न ही उनके वकील कोर्ट आए हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया को हल्के में लिया जा रहा है।

मंत्री परिषद में मिल सकती है जगह महाराष्ट्र में मंत्री परिषद को लेकर चर्चाएं जारी हैं। हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में कुछ संभावित मंत्रियों के नाम भी सामने आए थे। कहा जा रहा है महाराष्ट्र सरकार में निर्दलीय विधायक राणा और बच्चू काडू में से किसी एक को जगह मिल सकती है। खबर है कि गुरुवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दिल्ली दौरे पर चले गए थे। वहीं, सीएम शिंदे ने भी स्वास्थ्य खराब होने की बात कही थी।

सीएम पद से हटने ...

ठाकरे को एक बार फिर अखबार के संपादक के रूप में नामित किया गया है। तीन साल पहले उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे को सामना के प्रधान संपादक की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन उद्धव ने खुद को फिर से नियुक्त कर लिया है।

शुक्रवार को 'सामना' अखबार में संपादक के तौर पर उद्धव ठाकरे का नाम लिखा गया। 'सामना' का संपादन अब तक ठाकरे परिवार के पास ही रहा है। वहीं राज्यसभा सांसद संजय राउत को कार्यकारी संपादक बनाया गया है। राउत को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' की शुरुआत 1989 में हुई थी। शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने अखबार के संपादक के रूप में काम किया था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-5437/NIT-8/2022-2023/वलेलि दिनांक 02/08/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10/8/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 17/08/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 18/08/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

विकासखण्ड- करतला जिला कोरबा छ.ग.

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
8 T0043	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा के बरपाली एवं रामपुर अंतर्गत मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत एवं मजबूतीकरण का कार्य	15.00 11250.00 225000.00
8 T0044	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा के कुदमुरा, लेमरू एवं करतला अंतर्गत मार्गों एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत एवं मजबूतीकरण का कार्य	15.00 11250.00 225000.00
8 T0045	विकासखंड करतला जिला कोरबा अंतर्गत लोक निर्माण विभाग उपसंभाग के करतला, रामपुर, बरपाली के आवासीय/गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्पिरिंग का कार्य	20.00 15000.00 0.00
8 T0046	विकासखंड करतला जिला कोरबा के लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत कुदमुरा एवं लेमरू के आवासीय/ गैर आवासीय भवनों की रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्पिरिंग का कार्य	20.00 15000.00 0.00
8 T0047	विकासखंड करतला जिला कोरबा अंतर्गत लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा के बरपाली, कुदमुरा एवं लेमरू के आवासीय/गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण कार्य	20.00 15000.00 0.00
8 T0048	विकासखंड करतला जिला कोरबा के लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा के करतला एवं रामपुर के आवासीय/गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य	20.00 15000.00 0.00
8 T0049	जिला न्यायालय कोरबा में अतिरिक्त रिकार्ड रूम निर्माण कार्य	12.91 0.00 0.00
8 T0050	ट्रामा सेंटर कोरबा के मरम्मत कार्य	13.12 0.00 0.00

नोट :- 1. T0043 To T0050 कार्य प्रथम निविदा आमंत्रण है।
2. T0043 To T0044 कार्यों की निविदा फार्म A है एवं निविदा प्रपत्र की कीमत 750.00 रुपए है एवं T0045 to T0048 कार्य की निविदा फार्म A(a) है तथा निविदा फार्म की कीमत 0.00 है एवं T0049 To T0050 कार्य की निविदा फार्म A(a) है तथा निविदा फार्म की कीमत 0.00 है।
3. T0043 To T0048 कार्यों की कार्य अवधि दिनांक 31.12.2022 तक है, T0049 कार्य की समयावधि 04 माह एवं T0050 कार्य की समयावधि 02 माह वर्षा ऋतु तक है।
4. T0043 to T0044 कार्यों की निविदाकारों की श्रेणी ब वर्ग से अ वर्ग तक है तथा T0045 to T0048 कार्य की निविदा श्रेणी ई श्रेणी है तथा T0049 To T0050 कार्य स्नातक सिविल इंजीनियर है।
5. T0045 to T0048 कार्य हेतु ई श्रेणी में पंजीकृत आवेदक को एक ही कार्य की निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा। विकासखंड करतला जिला कोरबा में ई श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है। ई श्रेणी ठेकेदार हेतु पंजीयन की मूल प्रति, जीएसटी, पेन आधार, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों प्रस्तुत करना होगा।

निविदा संबंधी समस्त शर्तें संभागीय कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग कोरबा संभाग कोरबा (छ.ग.)

जी-93356/5

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

छात्रा की मौत से उबला आक्रोश, युकां व एनएसयूआई ने कॉलेज का किया घेराव

■ मृतिका के परिजनों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग

बालोद/नवप्रदेश। भिलाई स्थित रस्तोगी कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा कामिनी चुरेन्द्र फू ड प्वाइजनिंग की शिकार हो गई थी। जिनकी इलाज के दौरान राजनांदगांव अस्पताल में मौत हो गई। उक्त छात्रा बालोद जिले के लोहारा ब्लॉक के जेवरतला की रहने वाली थीं। इस घटना से लोगों में आक्रोश है वह इसलिए क्योंकि कालेज प्रबंधन इस मौत के लिए नैतिक जिम्मेदारी तक नहीं ले रहा है और अपनी गलती नहीं स्वीकार कर रहा है। तो वही उस कॉलेज में पढ़ने वाले 40 से ज्यादा छात्राएं भी बीमार है। उन्हें घटिया खाना दिया जाता था। इस मामले ने नया मोड़ लेते हुए छात्रा बालोद जिले की थी इसलिए इस पर प्रदर्शन शुरू हो चुका है। गुरुवार को बालोद शहर के युवा कांग्रेस के नेताओं और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष साजन पटेल के नेतृत्व में रस्तोगी कॉलेज के शाखा कॉलेज भारती कॉलेज दानी टोला का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। गेट पर चढ़कर भी प्रदर्शन किया गया और कालेज प्रबंधन से इस घटना के लिए जिम्मेदारी स्वीकारते हुए 50 लाख मुआवजा राशि मृत छात्रा के परिवार को देने की मांग की गई। तो वहीं फू ड प्वाइजनिंग की शिकार छात्राओं को भी पांच- पांच लाख देने की मांग की गई।

घटिया खाना देने का आरोप

ज्ञात हो कि 40 से ज्यादा छात्राएं हाईटेक अस्पताल भिलाई में भर्ती हैं। जिनका इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। दुर्ग के कलेक्टर सहित पूरा प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि भी मामले में अलर्ट हो गए हैं। तो वहीं जांच के आदेश भी दिए गए हैं। तो यह मौत का मामला बालोद जिले से जुड़ा होने के कारण तुल पकड़ता दिखाई दे रहा है। अस्पताल में भर्ती छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें घटिया खाना दिया जाता था। तो वहीं जब मीडिया ने भी खाने की व्यवस्था का जायजा लिया तो छात्राओं का आरोप सही पाया गया। मृतिका कामिनी अपने पिता बसंत की तीन बेटियों में मंझली बेटी थी।

एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने कालेज प्रबंधन को 1 हफ्ते का अल्टीमेटम भी दिया है। अगर ऐसा नहीं किया जाता है यानी परिवार को 50 लाख मुआवजा नहीं दिया जाता है तो आगे और उग्र आंदोलन की बात कही गई है। अंततः अब भिलाई के रस्तोगी कालेज में जिले के ग्राम जेवरतला की रहने वाली नर्सिंग की छात्रा कामिनी चुरेन्द्र की फूड़ प्वाइजनिंग से हुई मौत का मामला गरमाने लगा है। कालेज प्रबंधक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की जा रही। बड़ी संख्या में पहुंचे यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने कॉलेज के गेट पर जमकर हंगामा किया। प्रबंधन ने पहले से ही पुलिस को सूचना दे दी थी। जहां पर पुलिस बल कॉलेज गेट पर लगी रही। वहीं इस पूरे मामले को लेकर यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें कहा गया हैं कि मृतका के परिजनों को कॉलेज प्रबंधन 50 लाख का मुआवजा दे। वही जो छात्राएं हॉस्पिटल में एडमिट है उन्हें भी मुआवजा राशि दी जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो फिर से यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी।

31 जुलाई को हुई थी मौत : मामले में देवरी थाना की निरीक्षक वीणा यादव ने बताया कि मृतिका छात्रा कामिनी के पिता बसंत चुरेंद्र सहित अन्य लोगों से बयान लिया गया है। छात्रा के पिता का कहना है कि उन्हें मालूम नहीं था कि बेटी फूड पॉइजनिंग की शिकार हुई है। उनके घर आने के बाद जानकारी हुई। 29 जुलाई को बेटी ने फोन किया था और बताया था कि उल्टी दस्त हो रही है। जिसके बाद हम उसे कॉलेज से घर ले आए थे। 30 को अचानक फिर तबीयत बिगड़ी। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती कराए थे। जहां 31 जुलाई को दोपहर करीब 3:00 बजे उसकी मौत हो गई।

युवा कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

मौत के उक्त मामले में पुलिस द्वारा भी जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार को देवरी पुलिस ने भी ग्राम जेवरतला जाकर मृतक के परिजनों से बयान लिया और जानकारी स्मृति नगर थाना भिलाई को भेजी जा रही है। इधर बुधवार की शाम को युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद के जयस्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर व नारेबाजी कर छात्रा को श्रद्धांजलि दी गई। युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष साजन पटेल ने कहा कि जब कॉलेज प्रबंधन इस मौत पर पल्ला झाड़ रही है तो फि र नर्सिंग करने वाली छात्राओं से फीस क्यों लेती है। प्रबंधन का यह रवैया ठीक नहीं है। इसके विरोध में बालोद जिले में भी संचालित दानी टोला में उक्त कॉलेज की शाखा का घेराव व प्रदर्शन किया गया।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने आंबा केन्द्र का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर ने दाढ़ी प्रवास के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र दाढ़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने रेडी-टू-ईट, पूरक पोषण आहार, शिशुवती एवं गर्भवती माताओं को दिये जा रहे गरम भोजन, साफ-सफ ई की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 13 अगस्त तक मनाये जा रहे वजन त्यौहार के संबंध में अपने समक्ष नन्हे बच्चों का वजन कराया। उन्होंने मेनू का पालन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गंभीर कुपोषित बच्चों के संबंध में भी पूछताछ की। आंगनबाड़ी केन्द्र में संधारित किए जा रहे रजिस्टर (रिकार्ड) का अवलोकन किया। इस केन्द्र में अतिकुपोषित की श्रेणी में दो बच्चे पाये गये। जिलाधीश ने इनकी स्वास्थ्य में विशेष सुधार लाने के निर्देश दिए। 0 से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने, बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास की बुनियाद रखने, शिशु मृत्युदर, मातृ मृत्युदर में कमी लाने, स्वास्थ्य जांच टीकाकरण पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा देने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जाता है।

मिलर्स द्वारा 46936 एमटी चावल जमा करना शेष

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने जिले के राईस मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य की समीक्षा की। समीक्षा में जिले में राईरा मिलर्स द्वारा कुल धान उठाव के विरूद्ध 149517 मेट्रिक टन चावल जमा किया गया तथा 46936 मेट्रिक टन चावल जमा किया जाना शेष है, जो कि कुल लक्ष्य का 24 प्रतिशत है। यह चावल नागरिक आपूर्ति निगम तथा भारतीय खाद्य निगम के बेस डिपो राजनांदगांव व तिल्दा में जमा किया जाना है। मिलर्स जिनका 30 प्रतिशत से अधिक चावल जमा किया जाना शेष है उन्हें इस कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने भारतीय खाद्य निगम में किसी भी तरह की परेशानी आने पर जिला विपणन अधिकारी को सर्व संबंधित से चर्चा कर समस्या के निराकरण करने हेतु कहा गया। शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की आपूर्ति हेतु प्रतिदिन 1500 मेट्रिक चावल जमा करने का भी निर्देश राईस मिलर्स को दिया गया। चावल जमा कार्यो की समीक्षा प्रति सप्ताह की जावेगी। पूर्व में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नही करने वाले 17 मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भविष्य में भी कार्य में प्रगति नही लाने वाले मिलर्स के विरूद्ध सुसंगत आदेशो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। मिलर्स द्वारा एफसीआई पूल में चावल जमा करने की मियाद 30 सितम्बर तक निर्धारित की गई है। समीक्षा के दौरान जिला राईस मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय शर्मा की ओर से आश्वासन दिया गया कि समस्त मिलर्स द्वारा शासन के मंशा अनुरूप कार्य किया जाएगा।

खपरीखुर्द से तिलई तक निकाली गई विशाल कांवड़ यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खपरीखुर्द से तिलई शिव मंदिर तक विशाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत खपरीखुर्द स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कांवड़ लेकर गाजे-बाजे भक्तिमय वातावरण के साथ यात्रा प्रारंभ किया गया। यात्रा का समापन तिलई शिव मंदिर में पूजा के साथ किया गया। विधायक ने क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना के साथ सावन माह के सोमवार को कावड़ यात्रा में शामिल सभी का आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, सुरेश सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शोभाराम बघेल, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, हेमंत वैष्णव, खपरीखुर्द सरपंच विनीता वर्मा, पदुमतरा सरपंच ललिता साहू, तिलई सरपंच मथुरा नेताम, घुमका सरपंच फ ूलमती वर्मा, चंद्रेश वर्मा, नवीन लुनिया, दिलीप नेताम, गंभीर साहू, ललित चांदतारे, गिरीश साहू, अखिलेश दुबे, राजेन्द्र यदु, दिनेश पुराणिक, गौकरण वर्मा, राजू राजपूत, मोहन साहू, संतोषी वैष्णव, महेश वर्मा, गुलाल साहू, सफि ल खान, वीरेंद्र मुक्ति, हेमंत नेताम, पूनम देवांगन, मनराखन निर्मलकर, गणपत साहू, कुलेश्वर साहू, पप्पू नेताम, गणेश राम, टीकू यादव, धन्ना यादव, रितेश सिन्हा, उमराव वर्मा, शिवानंद यादव, जयकुमार वर्मा, अनिल वर्मा, रूपेश वर्मा, सहित सैकड़ों शिव भक्त उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने की एक घंटा अधिक पढ़ाने शिक्षकों से अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अब स्कूलों में अतिरिक्त क्लास लगाने की अपील कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने शिक्षकों से की है। कलेक्टर ने कहा है कि 25 से 29 जुलाई तक पांच दिन तक शिक्षकों द्वारा सामूहिक आवकाश लेकर हड़ताल में चले जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। जिसकी भरपाई के लिए शालाओं में एक घंटे अतिरिक्त समय देकर विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराने हेतु कल समय सीमा की बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को निदेर्शित किये हैं। कलेक्टर ने शिक्षकों से आव्होन किये हैं कि वे अपने विद्यालय के शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए पूरे तन-मन से जुट जायें। शिक्षक विद्यार्थियों को अपने बच्चों की भांति समझ कर एक घण्टा अतिरिक्त समय देकर पठन-पाठन का कार्य करायें। जिससे स्कूल, संकुल, विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार आ सके।

धुमाल संचालक कल्याण संघ ने नियमों का पालन करने की अपील

देवकर/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला साउंड डीजे एंड धुमाल संचालक कल्याण समिति के सदस्य (न्यू एजाज धुमाल ग्रुप) के संचालक ऐजाज अली ने आगामी गणेश विसर्जन 'दुर्गोत्सव विसर्जन व आने वाले पर्वो को लेकर डीजे धुमाल बजाने वालों से अपील की है कि साउंड डीजे एंड धुमाल संचालक कल्याण संघ बेमेतरा जिलाअध्यक्ष सीताराम यदु, उपाध्यक्ष- कमलसिंह चंदेल व यूनियन के द्वारा संघ के जो भी नियम व शर्तें हैं उन्ही शर्तो के मुताबिक काम करें। वहीं धुमाल यूनियन के प्रदेश संघ के द्वारा बनाए गए नियमों का भी पूर्णरूप से पालन करें व शासन-प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का भी पूर्णरूप से पालन करें जैसे कि गणेश विसर्जन पर रोड शो हेतु कलेक्टर या फि र स्थानीय प्रशासन द्वारा परमिशन कस्टमर के पास होना चाहिए। हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज के सामने नहीं बजाया जाए व अन्य नियमों का पालन करें एवं आगे गणेश विसर्जन पर प्रशासन द्वारा जो भी गाइड लाइंस आऐंगे उस नियम का पूर्णरूप से सभी पालन करते हुए काम करने की अपील की।

संभागायुक्त कावरे ने अल्पवर्षा प्रभावित क्षेत्रों का किया मुआयना

■ फसलों की स्थिति का नजरी आंकलन करने के दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। संभागायुक्त दुर्ग महादेव कावरे ने बुधवार को बेमेतरा जिले के विकासखण्ड बेरला के अल्पवर्षा प्रभावित गांव सोढ़ व सिवार का दौरा कर खेतों का मुआयना किया। इस दौरान उपस्थित किसानों व ग्रामीणों के साथ चर्चा कर अल्पवर्षा के कारण फसल बोआई की स्थिति की जानकारी ली व अल्पवर्षा से निपटने हेतु किसानों को आवश्यक जानकारी दी। कमिश्नर ने किसानों को समस्याओं का यथासंभव निराकरण करने का आश्वासन दिया। श्री कावरे ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अन्तर्गत किसानों से धान उपार्जन के भुगतान की जानकारी ली। संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों को फ सलों की स्थिति का नजरी आंकलन करने के निर्देश दिए। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बीते दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर एवं संभागायुक्तों की बैठक लेकर अल्पवर्षा से उत्पन्न स्थिति से निपटने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर फ सलों की स्थिति का जायजा लेने और राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे।

आपके द्वार आयुष्मान अभियान ने फिर पकड़ी रफ्तार, छूटे हुए लोगों को कार्ड बनवाने की अपील

■ 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिले में विशेष अभियान

कबीरधाम/नवप्रदेश। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान जिले में एक बार फिर तेज कर दिया गया है। यह विशेष अभियान लोगों को स्वास्थ्य सहायता योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। आपके द्वार आयुष्मान तृतीय चरण के नाम से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का लोक सेवा केंद्रों (च्वाइस सेंटरों) तथा समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इससे पहले किए गए पंजीयन के आधार पर लोक सेवा केंद्रों में आयुष्मान कार्ड पहुंचाए भी जा रहे हैं। अब तक लगभग 2.70 लाख आयुष्मान कार्ड लोक सुविधा केंद्रों को भेजे जा चुके हैं जिसमें से दो लाख से अधिक कार्डों का वितरण किया जा चुका है। जिन लोगों ने पूर्व में जिस लोक सेवा केंद्र में अपना पंजीयन कराया है, उस लोक सेवा केन्द्र से पुनः बायोमेंट्रिक अथेंटीकेशन के बाद निःशुल्क प्लास्टिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशि की मांग किए जाने पर टोल-फ्री नंबर 104 पर सूचित करने की अपील की जा रही है, ताकि इस योजना की आड़ में गड़बड़ी होने से रोका जा सके। आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए राशन कार्ड, आधार कार्ड, शासकीय फोटो पहचान पत्र आवश्यक है। यह आवश्यक दस्तावेज लेकर लोक सेवा केंद्र अथवा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कार्ड बनवाया जा सकता है।

अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेशाध्यक्ष का नवागढ़ में हुआ भव्य स्वागत

नवागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन का नवागढ़ आगमन पर छग जैन युवा श्री संघ के प्रदेश सचिव, नपं नवागढ़ के एल्डरमैन अमित जैन, युवा मुस्लिम यंग कमेटी नांदघाट अध्यक्ष आरिफ बाठिया के नेतृत्व में जोरदार आतिशबाजी, गगनभेदी नारों के बीच सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ राजीव गांधी चौक में स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात चौक में स्थित स्व. राजीव गांधी की मूर्ति में माल्यार्पण कर नमन करने के बाद, बाईक रैली निकालकर प्रदेश अध्यक्ष को स्थानीय विश्राम गृह ले जाया गया। जहां पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को वर्तमान कांग्रेस सरकार की योजनाओं और सरकार के द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों को जनता तक पहुंचाने की बात कहते हुए कहा कि 9 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा में होने वाले तिरंगा पदयात्रा में अनिवार्य रूप से शामिल होकर लोगो से जनसंवाद करने की बात कही। विश्राम गृह में नवागढ़ मुस्लिम समाज के सदर हीरू कुरैशी, नायब सदर इस्माईल खान, जिब्राइल खान, नवाब खान, नजीर बेग, मजीद बेग के अलावा युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रत्याशी प्रिंस डेहरे, अंशु केशरवानी, ईमरान खान, युवा कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी आशीष राजपूत, नपं एल्डरमैन वीरेंद्र जायसवाल, जस्सी, राजू, मुकेश, राकेश, दीपक, राजकुमार, संतोष, प्रदेश महासचिव जावेद नकवी, अभिषेक मोदी, गुलजेब अहमद, रूबी सलूजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक निधि से 14.50 लाख के विकास कार्य मंजूर

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत 14.50 लाख रूपए की विकास कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक आशीष छाबड़ा की अनुशंसा पर कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। ग्राम गुनरबोड़ ग्राम पंचायत चोरभट्ठी (सतनामी पारा) में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 2 लाख एवं ग्राम पंचायत खिलोरा में सांस्कृतिक मंच का छत निर्माण (शीतला मंदिर) हेतु एक लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेमेतरा को बनाया गया है। बेरला के अन्तर्गत ग्राम देवरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 2 लाख, ग्राम पंचायत चिखला में (शीतला मंदिर के पास) भवन निर्माण कार्य के लिए 3 लाख, ग्राम पंचायत खम्हरिया (डी) में मंच निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपये, ग्राम सींगारडीह ग्राम पंचायत गाड़ामोर में भवन निर्माण (शीतला मंदिर के पास) हेतु 2 लाख रुपये, ग्राम पंचायत कठिया में कबीर कुटी के पास मंच निर्माण हेतु 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

गांव, गली-मोहल्लों में झंडा फहराने की तैयारी

■ हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करेगी भाजपा

कवर्धा/नवप्रदेश। देशभर में प्रधानमंत्री के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में और सभी जिलों में भी इसकी तैयारी जोरों पर है. हर गांव, गली-मोहल्ले में तिरंगा फहराने की तैयारी शुरू हो गई है. जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अशोक साहू ने बताया कि केंद्र सरकार पोस्ट ऑफिस के माध्यम से झंडे भेजवा रही है. हम प्रदेश के सभी जिला कार्यालयों में झंडे उपलब्ध करवाएंगे. उन्होंने सभी समाजों से भी इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील ही है. आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं. जिन्होंने आजादी की लड़ाई को नहीं देखा, लड़ाई में त्याग, तपस्या, बलिदान करने वालों को नहीं देखा, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जितने महापुरुष रहे हैं जिन्होंने लड़ाई लड़ी है, जो फांसी के फंदे पर लटके, ऐसे सभी लोगों को याद करने के लिए प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश के 125 करोड़ लोगो से तिरंगा फहराने का आग्रह किया है. इससे लोगों में राष्ट्रीयता की भावना पैदा होगी. इस उद्देश्य से ये अभियान चलाया जा रहा है।

बेटे नमन को सरकार, जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों का नहीं मिला सहयोग : दुष्यंत

■ कहा दुर्लभ बीमारी के चंगुल में, चिकित्सा सुविधा की कर रहे हैं मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोतीपुर निवासी दुष्यंत वर्मा के बेटे नमन वर्मा जो कि एक दुर्लभ बीमारी के चंगुल में फंसा हुआ है, लेकिन राज्य सरकार, जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों से लगातार सहयोग की अपील करते हुए थक गए, लेकिन सहयोग नहीं के बराबर मिला। यहां पर हम आपको बताते हुए चलते हैं कि मोतीपुर वार्ड नंबर 3 के निवासी दुष्यंत वर्मा का परिवार के एकलौते बचे बेटे नमन वर्मा जो की स्टेट हाई स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र है, जिनको दुर्लभ बीमारी ने जकड़ा हुआ है, जिसे मेडिकल साइंस नॉर्मोस्टिक हाइपोक्लोराइट एनीमिया विद थ्रोमबॉसिस (एप्लास्टिक एनेमिया) कहती है। इसमें होता यह है कि बच्चे के नाक-कान-मुंह से खून निकलता है। माता-पिता के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं बेटे के टेस्ट करा-कराकर सब चीज लुटा चुके है। परिवार इलाज कराने में विफल है। पिता ड्राइवर और माता सिलाई मशीन का काम करती है। बेटे नमन वर्मा का इलाज दक्षिण भारत के वेल्लोर शहर के सीएमसी हॉस्पिटल मेडिकल संस्थान में चल रहा है, जहां मां-बेटे ने रुक कर तमाम टेस्ट करा चुके है, मां से बोनमैरो लेकर बेटे नमन वर्मा में ट्रासप्लाट करना बाकी है, इस टेस्ट में माँ का सेंपल लिया गया जो आश्चर्य पूर्वक 100 में 100 मिलान हुआ है। डॉक्टरों ने इसे अजूबा माना है, वहीं डॉक्टरों ने इलाज का स्टिमेंट बनाया है 15 लाख का है।

पिता ने बेचा गहने, अब घर बेचने की तैयारी

दुष्यंत वर्मा घर में रखे गहने बेचकर दो लाख पांच हजार रुपये एकत्रित किए। परिवार वालों से कर्ज के रूप में छः लाख रुपये और मोहल्ले वालों से पचास हजार पांच सौ रुपये मिले। घर बेचने की तैयारी चल रहा है, क्योंकि हॉस्पिटल में फिलहाल अभी 5 लाख इलाज के नाम पर जमा करना होगा। वहां रुक कर खाने-पीने की चीजें भी बहुत महंगी है, उसके लिए भी पैसे की जरूरत पड़ेगी। इसलिए घर को बेचने की तैयारी चल रहा है। राज्य सरकार, जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों का अगर सहयोग मिल जाता तो बेटे नमन वर्मा को बचाया जा सकता है, लेकिन जब नमन वर्मा ठीक होकर घर पहुंचेंगे तो उनके सिर पर छत नहीं होगा। क्योंकि इलाज के नाम पर पिता अपनी सारी संपत्ति बेच चुका होगा।

राष्ट्रीयता की भावना बढ़ाएगा हर घर तिरंगा अभियान : बग्गा

कवर्धा/नवप्रदेश। जिस तिरंगे की आन, बान और शान की खातिर हमारे पूर्वजों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, आज उसी तिरंगे के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने का अवसर है हर घर तिरंगा अभियान। इस अभियान के जिला प्रभारी अशोक साहू तथा कवर्धा विधानसभा प्रभारी जसविंदर बग्गा ने ये बातें आज विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं के बीच रखते हुए आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत इस वृहत अभियान की संकल्पना की है जब पूरे देश के 20 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। हम सबको मिलकर अपने विधानसभा में इसे व्यापक प्रचार के माध्यम से सफल बनाना है। पार्टी ने इसके लिए विधानसभा स्तर पे प्रभारी भी नियुक्त किए हैं जिनमे कवर्धा विधानसभा के लिए जसविंदर बग्गा के साथ राजेंद्र चंद्रवंशी और संतोष पटेल को जिम्मेदारी दी गई है।

बेरोजगारी भत्ता और रोजगार की मांग को लेकर भाजयुमो ने रोजगार कार्यालय घेरा

कवर्धा/नवप्रदेश। बेरोजगारी भत्ता और रोजगार की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने को जोरदार प्रदर्शन किया। 300 से अधिक कार्यकर्ता पुराना मंडी से नारेबाजी करते हुए रोजगार कार्यालय का घेराव करने निकले थे। जहां पुलिस द्वारा 3-3 बैरिकेटिंग करके कार्यकर्ताओं को रोकने प्रयासर किया गया, लेकिन भाजयुमो नेता बैरिकेटिंग तोड़ते हुए पुलिस के साथ झूमाझपटी करते हुए रोजगार कार्यालय तक पहुंच गए और जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यालय में बेरोजगार कार्यालय का बैनर लगा दिया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष पीयूष सिंह ने कहा कि आज सरकार को घोषणा पत्र के अनुरूप बेरोजगारी भत्ता देना होगा, अन्यथा बेरोजगार युवा चप्पलों की माला इनके नेताओं को पहनाना शुरू कर देगीञ इसका असर भी आने वाले

दिनों में कवर्धा से दिखना शुरू हो जाएगा। रोजगार देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ, युवाओं को प्रदेश सरकार ने सिर्फ छला है। कांग्रेस ने 20 लाख रोजगार और 2500 रू बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। सरकार बने 4 साल व्यतीत होने को है। आने वाला साल फिर विधानसभा चुनाव होने को है, लेकिन अब तक बेरोजगारों के साथ किया गया वादा यह प्रदेश सरकार ने नहीं निभाया है। प्रदेश में बेरोजगार भाई बहनों के आवाज बनकर 24 अगस्त को प्रदेश में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला भाजपा महामंत्री क्रांति गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, शहर भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजयूमो जिला महामंत्री विशाल शर्मा, विक्की अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष तुकेश चंद्रवंशी समेत समस्त युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

व्यावसायिक वाहन मालिकों को राहत, लंबित टैक्स में छूट

- 'एकमुश्त निपटान योजना' के तहत बकायादार परिवहन व्यवसायियों को शास्ति की राशि में छूट
- छूट का लाभ उठा सकेंगे आगामी 31 मार्च तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक वाहन मालिकों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। जिन व्यावसायिक वाहन संचालकों ने परिवहन विभाग में टैक्स अदा नहीं किया है, उनके लिए राज्य सरकार वन टाइम सेटलमेंट स्कीम ला रही है। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में परिवहन व्यवसायियों के हित में 'एकमुश्त निपटान योजना' का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत त्रैमासिक तथा मासिक कर देय वाहनों में, 01 अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 की अवधि तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट का लाभ दिया जा रहा है। वाहनों पर लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगी।

50 लाख वाहनों का हो रहा संचालन

सीएम भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग की सेवाओं का लाभ आमजन तक सुविधाजनक ढंग से पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। इस तारतम्य में राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम के प्रावधान के तहत कर, शास्ति एवं ब्याज की वसूली योग्य राशि में ''एक मुश्त निपटान'' की व्यवस्था के अंतर्गत छूट का प्रावधान किया गया है। इस आशय की अधिसूचना का प्रकाशन मंत्रालय महानदी भवन स्थित परिवहन विभाग द्वारा 2 अगस्त को छत्तीसगढ़ राजपत्र में कर दिया गया है।

20 से 25 हजार वाहनों का फिटनेस टेस्ट नहीं

प्रदेशभर में करीब 20 से 25 हजार वाहनों का कई सालों से फिटनेस टेस्ट नहीं हुआ है। परिवहन विभाग की वेबसाइट पर प्रदेश भर में चलने वाली गाड़ियों, उनके मालिकों का नाम और चालान की डिटेल दर्ज है। वाहन मालिक वेबसाइट पर ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकते हैं। व्यावसायिक वाहन मालिकों पर लाखों रुपये फिटनेस टैक्स के रूप में बकाया है। काफी समय से बकाया फिटनेस टैक्स की रिकवरी के लिए परिवहन विभाग वन टाइम टैक्स सेटलमेंट स्कीम ला रहा है। बकाया जमा करने के लिए राशि निर्धारित की जाएगी। इससे जहां वाहन मालिकों को राहत मिलेगी। वहीं, सरकारी राजस्व की रिकवरी होगी।

सरकार को 200 करोड़ का फायदा

वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से शासन को करीब 200 करोड़ रुपये का फायदा होगा। प्रदेश के कई व्यावसायिक वाहन संचालक सालों से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। परिवहन विभाग ने कई बार इन्हें नोटिस जारी किया, फिर भी उनके द्वारा जमा नहीं किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक में एकमुश्त निपटान योजना की स्वीकृति मिल गई है। इसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा।

40 हजार वाहन बगैर टैक्स के दौड़ रहे

प्रदेश में करीब 50 लाख वाहन चल रहे हैं। इस वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार करीब 40 हजार वाहन बगैर टैक्स पटाए चल रहे हैं। इनमें से कुछ कंडम हो चुके हैं और खड़े हैं। इनसे टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। लगातार बस संचालकों को नोटिस भेज रहा है, लेकिन वे जवाब नहीं दे रहे हैं। टैक्स वसूली के लिए शासन वन टाइम सेलटमेंट स्कीम लाने जा रहा है। इसके तहत वाहन मालिकों को टैक्स में छूट दी जाएगी। एकमुश्त टैक्स लेकर मामले को खत्म कर दिया जाएगा। टैक्स जमा नहीं होने वाले वाहनों को परिवहन विभाग ने काली सूची में डाल दिया है।

31 मार्च 2023 तक होगी छूट

आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा ने बताया कि जारी अधिसूचना के अंतर्गत त्रैमासिक तथा मासिक कर देय वाहनों में अधिरोपित लंबित शास्ति में छूट केवल 'एकमुश्त निपटान योजना' की अवधि 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक होगी। एकमुश्त निपटान योजना की अवधि की समाप्ति के पश्चात् कर, शास्ति एवं ब्याज सहित पूर्ण राशि वसूल की जाएगी। अधिसूचना के अंतर्गत त्रैमासिक तथा मासिक कर देय वाहनों में, 01 अप्रैल 2013 से 31 दिसम्बर 2018 की अवधि तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट दी जाएगी। वाहनों पर लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगी। इसके अलावा मासिक कर देय वाहनों (यात्री वाहन) में, यदि 'व्हील-बेस' के कारण कर, शास्ति एवं ब्याज अधिरोपित है, तो लंबित कर एवं ब्याज देय होगा, किन्तु अधिरोपित शास्ति में 'एकमुश्त निपटान की निर्धारित अवधि तक पूर्णतः छूट दी जाएगी।

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में शिक्षकों की कमी

- पालकों व युवा मोर्चा ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

बोड़ला/नवप्रदेश। नगर के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में व्याप्त समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय युवा मोर्चा व पालकों ने ज्ञापन बीईओ को सौंपा है। भाजयुमो नेता सुनील मानिकपुरी ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शिक्षकों की कमी को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। नगर में संचालित आत्मानन्द स्कूल के दोनों माध्यमों की कक्षाएं एक ही भवन में दो पारियों में लगाई जा रही है। स्कूल में कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक दोनों माध्यम में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे दोनों माध्यमों के बच्चों को एक ही भवन में कक्षा लगाए जाने से समस्याएं हो रही है। एक ओर हिंदी माध्यम स्कूल में में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई नहीं हो पा रही तो दूसरी ओर इंग्लिश मध्यम स्कूल में लगातार कक्षाएं लगाई जा रही है। एक ही भवन में इंग्लिश व हिंदी माध्यम दोनों ही माध्यम के कक्षाएं संचालित किया जा रहा है जिससे हिंदी माध्यम के बच्चों की पढ़ाई में काफी व्यधान हो रहा है।

हिंदी माध्यम के साथ सौतेला व्यवहार

हिंदी माध्यम की स्कूल के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। एक ओर जहां इंग्लिश मध्यम स्कूल में सभी विषयों के शिक्षक होने के कारण कक्षाएं लग रही है वही हिंदी माध्यम में शिक्षकों की कमी है जिससे हर सेकेंडरी स्कूल की कई विषयों की पढ़ाई महीनों से नहीं हो रही है इस तरह सरकार द्वारा जानबूझकर हिंदी माध्यम के छात्र छात्राओं के साथ दोहरा बर्ताव किया जा रहा है। लोगों की मांग है इंग्लिश मीडियम की स्कूल का भवन अलग से बनाया जाए। पूर्व में संचालित हिंदी माध्यम स्कूल को यथावत रखा जाए।

कार्यक्रम होने पर हो जाती है छुट्टी : हिंदी माध्यम स्कूल में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के पालकगण आरोप लगाते हैं कि इंग्लिश माध्यम स्कूल में जब भी कोई कार्यक्रम होता है तो हिंदी माध्यम के स्कूलों का छुट्टी कर दी जाती है जिससे हिंदी माध्यम के स्कूलों के छात्रों की छुट्टी कर दी जाती है। इस तरह हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के पढ़ाई में लगातार बाधा उत्पन्न हो रहा है।

चना, मूंग, अरहर समेत अन्य दाल के लिए सैंपल, जांच के लिए भेजा लैब

कवर्धा/नवप्रदेश। पैन इंडिया प्लस प्रोग्राम के तहत खाद्य मानक सुरक्षा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से अलग-अलग किस्म के दाल की जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे और टीम द्वारा की जा रही है। विभिन्न प्रतिष्ठानों से चना दाल, मूंग दाल, अरहर दाल, आदि का लगभग 20 नमूना जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। इस दौरान टीम द्वारा खाद्य परिसर की स्वच्छता

रखने, खाद्य पदार्थो का निर्माण मनको के तहत करने, खुले में खाद्य तेल का विक्रय नहीं करने निर्देश दिया जा रहा है साथ ही रक्षा बंधन त्यौहार को देखते हुए टीम द्वारा किराना दुकानों, मिठाई सेंटर, होटल इत्यादि का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे कि आमजन को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध हो सके।

हाइवा ने बाइक को मारी ठोकर, 2 युवकों की मौके पर ही मौत, एक गंभीर रूप से घायल

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम बंगोली के मेन रोड बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवकों को ठोकर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर को रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बंगोली के पास एक हाइवा ने बाइक को सामने तरफ से जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार तीनों युवक छिटककर दूर जा

गिरे। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीनों युवक समीपस्थ ग्राम निलजा आदिवासी मोहल्ला का बताया जा रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलती ही खरोरा पुलिस दलबल के साथ मौके में पहुंच गई और घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। ठोकर मारने के बाद हाइवा सड़क किनारे खेत में घुस गई है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवा पर आग लगाने की भी कोशिश की। मौके में पहुंचे खरोरा पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया तब कहीं जाकर भीड़ कम हुई। इसके लिए पुलिस को अतिरिक्त बल भी बुलानी पड़ी। वहीं घटना के बाद रोड पर वाहनों की लंबी कतार भी लग गई थी।

स्कूल छात्रों को दी मानव तस्करी व साइबर ठगी से बचने की जानकारी

कवर्धा/नवप्रदेश। मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार, चाइल्ड लाइन इंडिया फ ाउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना जिला कबीरधाम ने मानव तस्करी दिवस के अवसर पर प्रौद्योगिकी के उपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में शासकीय हाई स्कूल बिरकोना एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौरी में जागरुकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें महेश निर्मलकर केंद्र समन्वयक चाइल्ड लाइन ने बताया गया कि साइबर

क्राइम, मोबाइल फोन में अनजान व्यक्ति से बात ना करें और ना ही कोई अनजान एप्स को इंस्टॉल करें, फेसबुक, व्हाट्सएप पर अफवाह की मैसेज को अन्य व्यक्ति को ना भेजें। चाइल्ड लाइन 24 घंटा चलने वाली फ ोन एवं आउटरीच सेवा है, किसी बच्चे को आश्रय की जरूरत है कोई बच्चा को पीट रहा हो, गुमशुदा, लापता, शोषित या बाल श्रम, बाल विवाह हो रहा है तो चाइल्ड लाइन 1098 में फोन करके उन बच्चों का मदद कर सकते हैं। रामलाल पटेल टीम मेम्बर के द्वारा बच्चों को किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 के बारे में जानकारी दी गई। लवली दास टीम मेंबर द्वारा बच्चों के अधिकार की जानकारी दी गई। टीम मेंबर आरती यादव के द्वारा बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी बताया।

निर्माण कार्यों के मूल्यांकन व बिल की राशि में भारी अंतर!

- जल जीवन मिशन के कार्यो में अफसरों की मेहरबानी से ठेकेदार कर रहे मनमानी

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। जिले के पांचों ब्लॉकों में 2898 आंगनबाड़ी केंद्र व प्राइमरी-मिडिल स्कूलों में साफ पानी उपलब्ध कराने करीब 34.46 करोड़ की कार्य योजना बना कर रिपोर्ट सौंपी गई। जहां इन सभी कार्यो की मंजूरी भी मिली। पूर्व में यह कार्य पीएचई विभाग के द्वारा किया जाना था किन्तु कुछ राजनीतिक दबाव से यह कार्य पंचायत को दे दिया गया। जिले के पंचायतों में बिना सरपंच के जानकारी के कार्य भी अघोषित ठेकेदारों ने पंचायतों के सचिव के कहने पर कर दिया किन्तु अधूरे कार्य व कम सामग्री लगाकर भी पूरी राशि का भुगतान को लेकर अब यह मामला चर्चा में है। मॉनिटरिंग नहीं होने से ठेकेदार अपनी मर्जी से जैसे-तैसे निर्माण कार्य जुगाड़ में करा भी दिए। भले

ही योजना का लाभ बच्चों को भविष्य में मिले या न मिले इन्हें केवल मूल्यांकन कर भुगतान निकालने की जल्दबाजी है जिससे अब भुगतान के दबाव में अधिक मूल्यांकन व लगे बिल को लेकर गोलमाल होने की संभावना है।

जल जीवन मिशन के तहत 2898 स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। जिसमें 1502 आंगनबाड़ी केंद्र व 1396 प्राइमरी-मिडिल स्कूल शामिल हैं। चयनित शिक्षण संस्थानों की छत पर प्लास्टिक टंकी लगाकर पाइपलाइन के सहारे नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। लेकिन क्रियावयन एजेंसी की लापरवाही के कारण ठेकेदार जैसे-तैसे अपनी मर्जी के हिसाब से काम करा रहे हैं। इस्टीमेट में प्रत्येक स्कूल में दो हजार लीटर की क्षमता वाली टंकी या एक एक हजार लीटर की दो टंकी लगाई जानी है। लेकिन ठेकेदार सिर्फ एक हजार लीटर वाली टंकी लगा इसमें भी गड़बड़ी करने के फिराक में है। जबकि एक स्कूल में कार्य की लागत 1.36 लाख है। वहीं प्लास्टिक टंकी लगाने व पाइपलाइन-नल फि टिंग व सबमर्सिबल पंप लगाने 49913 रुपए बजट का प्रावधान है। जिसमें कम लागत की मशीन लगा कर पूर्ण राशि निकालने की बात सामने आ रही।

सही मॉनीटरिंग का अभाव

जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक में काम हुआ है। लेकिन इसके काम की गुणवत्ता से आम जनता संतुष्ट नहीं है। कई बार स्थानीय ग्रामीण जनसुनवाई के माध्यम से इसकी शिकायत कर चुके हैं। जिसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अधिकारी मौके पर पहुंचे भी और ठेकेदार को सही काम करने की हिदायद भी दी। लेकिन बाद में इन कामों की मॉनीटरिंग ठीक से नहीं की गई। यही वजह है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने पर कोई न कोई कमी सामने आ रही है। अब पानी टंकी के कारण कुछ स्कूलों का प्लास्टर गिरने की नोबत आ गई। वहीं कुछ स्कूलों में प्लास्टर गिर भी चुका हैं किंतु शिकायत के बाद भी सुधार नहीं है।

> अभी हाल ही में प्रभार मिला है। इस संबंध में जानकारी लेकर जांच के बाद ही निर्माण एजेंसी को भुगतान किया जायेगा।
>
> **सीबी सिंह,** प्रभारी ईई पीएचई।